# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University




# NEWSLETTER

January-March 2023 Vol.4 Issue:4

## Gold Medalists in the 9th Convocation Ceremony of CUH

CUH, Mar 29, 2023

| S.No. | Student | Program |
|---|---|---|
| 1 | Kumari Kirti Singh | B.A. (Hons) |
| 2 | Mahak Verma | M.Pharm (Pharmacology) |
| 3 | Kota Naga Phani Sri | M.A. Economics |
| 4 | Priya Rai | M.A. English |
| 5 | Anuj Yadav | M.A. Hindi |
| 6 | Vimaldev | M.A. History and Archaeology |
| 7 | Augustamuni Mishra | M.A. Journalism and Mass Communication |
| 8 | Shivendra Vikram Singh | M.A. Political Science |
| 9 | Jatinder Kaur | M.A. Psychology |
| 10 | Sarita Kumari | M.A. Sanskrit |
| 11 | Smruti Priyam | M.A. Sociology |
| 12 | Anand Kumar Gupta | MBA |
| 13 | Bhagirath Prasad | M.Com. |
| 14 | Hema Kumari | MCA |
| 15 | Harshit Bansal | MCA |
| 16 | Kumar Gandharv Mishra | M.Ed. |
| 17 | Nikita Digambar Chaudhary | Master of Hotel Management and Catering Technology |
| 18 | Manu Kadian | LL.M. |
| 19 | Chanchal Yadav | Master of Library and Information Science |
| 20 | Ahmad Nuri | Master of Physical Education and Sports |
| 21 | Priyanka Kumawat | M.Sc. Biochemistry |
| 22 | Shubhangi Singh | M.Sc. Biotechnology |
| 23 | Pooja | M.Sc. Chemistry |
| 24 | Kirti | M.Sc. Environmental Science |
| 25 | Swarnima Vatsal | M.Sc. Geography |
| 26 | Neelam | M.Sc. Mathematics |
| 27 | Janardan Sen | M.Sc. Microbiology |
| 28 | Sakshi Verma | M.Sc. Nutrition Biology |
| 29 | Tunir Kundu | M.Sc. Physics |
| 30 | Ramendra Yadav | M.Sc. Statistics |
| 31 | Kumari Rageshwari | M.Sc. Yoga |
| 32 | Ajit Singh | Master of Travel and Tourism Management |
| 33 | Swati Rawat | M.Phil. History and Archaeology |
| 34 | B. Radha Krishna Murthy | M.Phil. Sociology |
| 35 | Yogesh Kumar | M.Phil. Hindi |
| 36 | Jyoti Chandra | M.Phil. Hindi |
| 37 | Punit | B.Voc. Biomedical Sciences |
| 38 | Deepshikha | B.Voc. Biomedical Sciences |
| 39 | Amarisha Priya | B.Voc. Retail and Logistics Management |
| 40 | Deepti | B.Tech. Civil Engineering |
| 41 | Poonam | B.Tech. Computer Science and Engineering |
| 42 | Ashutosh Prakash | B.Tech. Electrical Engineering |
| 43 | Utanshu | B.Tech. Printing and Packaging Technology |

एक कदम स्वच्छता की ओर

'शिक्षित बेटी–सुरक्षित बेटी'

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
संसद के अधिनियम 25 (2009) के तहत स्थपित
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
महेन्द्रगढ़ - 123031(हरियाणा), भारत

**Central University of Haryana**
Established vide Act No. 25 (2009) of Parliament
NAAC Accredited 'A' Grade University
Jant-Pali, Mahendergarh (Haryana)-123031

प्रो॰ (डॉ॰) टंकेश्वर कुमार, कुलपति

Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor

# कुलपति की कलम से...



निरंतरता की इस श्रृंखला में इस बार भी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय अपनी गतिविधियों, अकादमिक उपलब्धियों एवं प्रयासों को अपने 'न्यूजलेटर' के माध्यम से आप सभी के समक्ष प्रेषित कर रहा है। यह 'न्यूजलेटर' हमारे त्रैमासिक शैक्षणिक क्रियाकलापों तथा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार के प्रयासों, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और शोध के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। आगामी शैक्षणिक वर्ष में नए आयामों की प्राप्ति हेतु प्रतिबद्ध हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, यह 'न्यूजलेटर' आप सभी अकादमिक विद्वानों, प्रशासकों और समाज हितैषियों के बीच सुझाव एवं प्रतिक्रियाओं हेतु प्रस्तुत कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के वैचारिक सहयोग से हमारा यह कुल अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अत्यधिक क्रियाशीलता से अग्रसर होगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रत्येक अधिकारी, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं कर्मचारी विश्वविद्यालय को नए आयामों और ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए समतुल्य रूप से गतिशील है। हमारे लिए यह हर्ष एवं गर्व का विषय है कि हमारी माननीय समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव जी को इस वर्ष महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यो हेतु 'सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान' व 'महिला सशक्तिकरण' सम्मान से सम्मानित किया गया है।

विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने और उनके समाधान के लिए एक आदर्श परिवेश प्रदान करता आया है। भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए हम पर्यावरण के प्रति सचेत हैं और इसी सजगता हेतु इस वर्ष पर्यावरण पर राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न सम्मानों से विश्वविद्यालय को सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय में 'ग्रीन एनर्जी' को बढ़ावा देने हेतु 'इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन' की भी स्थापना की गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (मोटा अनाज) घोषित किया है, इस पर मोटे अनाज के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु विश्वविद्यालय ने न्यूट्री हब इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मिलेटस रिसर्च, हैदराबाद के साथ साझेदारी की है। शोध के क्षेत्र में हम गत 14 वर्षों से निरंतर प्रगतिशील हैं तथा अपनी इसी रचनात्मक ऊर्जा और समाज हित में सक्रिय प्रयासों के परिणामस्वरूप इस वर्ष विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शोधार्थियों ने कैल्शियम फोर्टिफाइड घी पर भारत सरकार द्वारा पेटेंट भी हासिल किया है। योग विभाग के शोधार्थी प्रदीप कुमार को भारतीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा से संबंधित अपने एक डिजाइन के लिए भी पेटेंट प्राप्त हुआ है। गुणवत्तापूर्ण शोध गतिविधियों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को 'विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड' द्वारा मलेरिया के उपचार हेतु अनुदान प्रदान किया गया है। निश्चय ही आने वाले समय में हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय अनुसंधान के क्षेत्र में नए प्रतिमान प्रतिस्थापित करेगा।

विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को संपूर्ण रूप से क्रियान्वित करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा इसी क्रम में आगामी वर्ष 2023-24 से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड की पढ़ाई शुरू कर रहा है, तथा साथ ही विश्वविद्यालय नए सत्र से विभिन्न 40 पाठ्यक्रमों में सीयूईटी(CUET) के माध्यम से प्रवेश प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय भारतीय सभ्यता और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए भी तत्पर है, पिछले दिनों भी विश्वविद्यालय में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता हुआ है । विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु अनेक साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन कराता आया है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल, 2023' की मेजबानी की गई। विश्वविद्यालय का विश्वास है कि स्थानीयता के उन्नयन के बिना वैश्विक ऊंचाइयां प्राप्त करने में सफलता नहीं पाई जा सकती इसलिए स्थानीय जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय समय-समय पर ग्रामीणों को साथ लेकर विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर कर रहा है।

जिस प्रकार विद्या के लिए विमर्श जरूरी होता है उसी प्रकार शिक्षा के लिए संवाद जरूरी होता है। मुझे खुशी है कि इस 'न्यूजलेटर' के प्रकाशन के जरिए हम अन्य विश्वविद्यालयों, संस्थानों और समाज के साथ संवाद और विमर्श की इस परंपरा को जीवंत रख सकेंगे।

**(प्रो. टंकेश्वर कुमार)**
**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**

# Contents


| | | |
|---|---|---|
| 1. Awards and Achievements | | 08 |
| 1.1 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम ने ग्रैंड इनोवेशन चौलेंज स्पार्क 2.0 में जीता द्वितीय पुरस्कार / CUH team won 2nd prize at Grand Innovation Challenge SPARK 2.0 | |
| 1.2 | हकेवि के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार एम्बेसडर ऑफ ग्रीन प्लेनेट अवार्ड से सम्मानित / CUH Vice-Chancellor Professor Tankeshwar Kumar honored with 'Ambassador of Green Planet Award' | |
| 1.3 | हकेवि की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान से सम्मानित / CUH PVC Professor Sushma Yadav honored with Mata Savitribai Phule National Education Award | |
| 1.4 | हकेवि के स्वयंसेवक को कुलपति ने किया सम्मानित / Amardeep Kumar, NSS Volunteer, honoured by the Vice-Chancellor | |
| 1.5 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को मिला कैल्शियम फोर्टीफाईड घी का पेटेंट / Central University of Haryana gets patent for Calcium Fortified Ghee | |
| 1.6 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को भारतीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा से सम्बन्धित पेटेंट मिला / CUH got patent related to Indian Acupressure Therapy | |
| 1.7 | हकेवि समकुलपति प्रो. सुषमा यादव को मिला महिला सशक्तिकरण सम्मान / CUH Pro-Vice Chancellor Prof. Sushma Yadav got Women Empowerment Award | |
| 1.8 | हकेवि के दो स्वयंसेवको को राज्यपाल ने किया सम्मानित / Governor Honoured Two NSS Volunteers Alok Nath Pandey and Amardeep Kumar from CUH | |
| 2. Celebrations | | 14 |
| 2.1 | हकेवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित / Program organized at CUH on National Youth Day | |
| 2.2 | भारतीय सभ्यता के विकास का केंद्र है राखीगढ़ीः प्रो. टंकेश्वर कुमार / Rakhigarhi is the Center of Development of Indian Civilization: Prof. Tankeshwar Kumar | |
| 2.3 | 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित / 74th Republic Day celebrated in CUH | |
| 2.4 | महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयन्ती के अवसर पर देव यज्ञ आयोजित / Dev Yajna organized at CUH on the occasion of Maharishi Dayanand Saraswati's Jayanti | |
| 2.5 | विश्व रेडियो दिवस पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन / One-day workshop organized in the Department of Journalism and Mass Communication at CUH on World Radio Day | |
| 2.6 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह आज / Wonders of Innovation was organized in CUH | |
| 2.7 | हकेवि ने पूरे किए स्थापना के चौदह वर्विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव स्पंदन के साथ मनाया गया स्थापना दिवस / CUH Foundation Day celebrated with Annual Fest Spandan in the University | |
| 2.8 | दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापनः हकेवि वार्षिकोत्सव स्पंदन 2023 की ट्राफी रही हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम / The Two-day Annual Festival concluded: Trophy of CUH Spandan 2023 remained with Central University of Haryana | |
| 2.9 | हकेवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित / Expert lecture and prize distribution ceremony organized on National Science Day in CUH | |
| 2.10 | हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित / International Women's Day celebrated at CUH | |
| 2.11 | हकेवि में विश्व हैप्पीनेस डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित / CUH organized program on the occasion of World Happiness Day | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. Admissions | | 26 |
| 3.1 | हकेवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी / Admission process for UG courses started at CUH | |
| 3.2 | हकेवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी / Admission process in PG programmes started at CUH | |
| 4. MoUs | | 27 |
| 4.1 | मिलेट सुपरफूड के प्रचार-प्रसार में मिलकर काम करेंगे हकेवि व न्यूट्रीहब समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर / CUH signed MoU with Nutrihub | |
| 5. Initiatives and Innovations | | 28 |
| 5.1 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी आज से / Exhibition of indigenous products began at Central University of Haryana | |
| 5.2 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 / International Year of Millets 2023 at CUH | |
| 5.3 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज / Blood Donation Camp at Central University of Haryana | |
| 5.4 | जीवित रहने की संभावनाओं को बढ़ाता है प्राथमिक उपचारः प्रो. टंकेश्वर कुमार / "Primary treatment enhances the chances of survival: Prof. Tankeshwar Kumar | |
| 5.5 | हकेवि महिला छात्रावास में वाईफाई सेवा का कुलपति ने किया शुभारंभ / Vice Chancellor inaugurated WiFi facility in CUH Girls Hostel | |
| 5.6 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुरू हुआ इलेक्ट्रिक व्हिकल चार्जिंग स्टेशन / Electric vehicle charging station started in Central University of Haryana | |
| 5.7 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने ओपन एक्सेस पॉलिसी जारी की / Central University of Haryana implemented Open Access Policy | |
| 5.8 | हकेवि में स्कूल लीडर्स व सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसीपल्स के साथ संवाद आयोजित / Two-day visit of school leaders and CBSE schools' principals organized at CUH | |
| 5.9 | दवाओं के उचित उपयोग के लिए हकेवि ने किया ग्रामीणों को जागरूक / CUH organized Social Outreach Programme at Village Jant | |
| 5.10 | हकेवि में होगी अब चार वर्षीय बीए.बी.एड. की पढ़ाई / Integrated B.A. B.Ed. Programme got NCTE approval | |
| 5.11 | हकेवि में हुई कोडिंग क्लब की शुरुआत / Coding Club launched at CUH | |
| 5.12 | हकेवि ने किया सामाजिक आउटरीच गतिविधि का आयोजन / A social outreach activity on "Menstrual Health and Hygiene" conducted at CUH | |
| 6. Research & Publications | | 39 |
| 6.1 | कुलपति ने किया नॉवेल थेरप्यूटिक अप्रोचेस टारगेटिंग ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पुस्तक का विमोचन / *Book Novel Therapeutic Approaches Targeting Oxidative Stress* released by Prof. Tankeshwar Kumar | |
| 6.2 | मलेरिया के उपचार हेतु शोध के लिए मिला अनुदान / Funding approved for research on exosome-based treatment for Malaria | |
| 7. Invited Lectures | | 40 |
| 7.1 | हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert Lecture Organised in CUH | |
| 7.2 | 7.2 हकेवि में इंडिया@2047 पर विशेषज्ञ वार्ता आयोजित / Expert Talk on India@2047 held at CUH | |

| | | |
|---|---|---|
| 7.3 | हकेवि में कौशल विकास कार्यक्रम पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture on Skill Development Program organised in CUH | |
| 7.4 | हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित<br>-दोहान व्याख्यानमाला के अंतर्गत हिंदी विभाग में प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया संबोधित / Expert lecture in the Department of Hindi under Doha Lecture series organized | |
| 7.5 | हकेवि में हिंदी साहित्य और सिनेमा पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture on Hindi Literature and Cinema organized at Central University of Haryana | |
| 8. Seminars, Conferences, Workshops, and Events | | 45 |
| 8.1 | हकेवि में एआईसीटीई के सहयोग से एफडीपी की हुई शुरूआत / FDP started at CUH | |
| 8.2 | हकेवि गुणात्मक शोध पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ / Two-day workshop in CUH on Qualitative Research | |
| 8.3 | हकेवि में अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार विषय पर वेबिनार आयोजित / Webinar organized on the subject of Rights of Other Backward Classes | |
| 8.4 | हकेवि में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन / Blood donation camp organized in CUH | |
| 8.5 | हकेवि में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन / Three-day workshop organized in CUH | |
| 8.6 | हकेवि में अनुवाद अध्ययन पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित | |
| 8.7 | हकेवि में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन / An International Seminar on "Novel Approaches for Drug Research" conducted at CUH | |
| 8.8 | हकेवि का नौवा दीक्षांत समारोह आज दीक्षांत समारोह में 1053 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को मिलेगी डिग्रियां / Ninth Convocation of CUH: 1053 Students and Scholars got degree in the Convocation | |
| 9. Sports | | 52 |
| 9.1 | हकेवि में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल 2022-23 की हुई शुरूआत / All India Inter University Netball 2022-23 started at CUH | |
| 9.2 | हकेवि में चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल (महिला) टूर्नामेंट का हुआ समापन / Four-day All India Inter University Netball (Women) Tournament concluded in CUH | |
| 10. New Events | | 54 |
| 10.1 | विश्वविद्यालय के ब्रेंड अम्बेस्डर है पूर्व छात्रा - प्रो. टंकेश्वर कुमार / Alumni are brand ambassadors of CUH: Prof. Tankeshwar Kumar | |
| 10.2 | -हकेवि में शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित / National seminar organized on the occasion of Martyr's Day in CUH | |
| 10.3 | हकेवि में कैंपस कविता का हुआ आयोजन / Campus Poetry organized in CUH | |
| 11. Skill Enhancement | | 57 |
| 11.1 | हकेवि विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आरंभ / Training program for CUH students started | |
| 11.2 | हकेवि में मशीन लर्निंग पर कार्यशाला का आयोजन / One-week workshop on "Machine Learning using Python" at CUH | |
| 11.3 | हकेवि में डाटा विश्लेषण में सांख्यिकी उपकरणों पर केंद्रित कार्यशाला का हुआ शुभारंभ / Workshop on Application of Statistical Tools in Data Analysis held in CUH | |
| 11.4 | -हकेवि में वॉइस टाइपिंग पर कार्यशाला का हुआ आयोजन<br>-सीबीएसई के पूर्व सहायक सचिव श्री धरम सिंह विशेषज्ञ के रूप में रहे उपस्थित<br>Contribution of technology is important in the development of Hindi: Workshop on voice typing was organized in CUH | |
| 11.5 | हकेवि में टेकफेस्ट अद्विक का आयोजन आज / CUH organised Techfest Advik 2023 | |

# कुलगीत

## विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।

न चौरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

शिक्षा-दीक्षा की परंपरा से, राष्ट्र का हुआ सदा उत्थान।
कौशल और नव-सृजन से, सजा हुआ गौरव अभियान।।

ज्ञान-विज्ञान की शक्ति से हम, नव-मंडल में हुए स्थापित।
सीखा है इतिहास से हमने, नव-तकनीकों में हुए समाहित।।

संस्कारों की शक्ति को जब, लिया है युवा ने पहचान।
हम सब बनें राष्ट्र के रक्षक, आओ करें नव-भारत निर्माण।।

कला-योग-विज्ञान-विधि का, विश्वविद्यालय देता ज्ञान।
तन-मन और जीवन-शुचिता का, देता है यह शुभ वरदान।।

जन्म लेकर जिस धरा पर, शौर्य करता शीश बलिदान।
अपनी मेहनत से माटी को, सोना कर दे जहाँ किसान।।

हर की धरा हरियाणा पर, स्थापित अपना कुल महान्।
शिक्षा और स्वावलंबन, आओ ऐसे कुल को करें प्रणाम।।

# 1. Awards and Achievements

## 1.1 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम ने ग्रैंड इनोवेशन चौलेंज स्पार्क 2.0 में जीता द्वितीय पुरस्कार

CUH, Jan 17, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग व रसायन विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने ग्रैंड इनोवेशन चौलेंज स्पार्क 2.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस अनूठी आइडियाथॉन प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता टीम के विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि एक सफल उद्यमी बनने के लिए प्रत्येक स्तर पर कुछ नया सीखना आवश्यक है।

विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के प्रो. गुंजन गोयल व रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. प्रकाश कानू के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की टीम में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि स्पार्क चौलेंज का आयोजन बीएससी बायोनेस्ट बायोइनक्यूबेटर, रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, फरीदाबाद द्वारा डिजाइन थिंकिंग, नवाचार को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में उद्यमी मानसिकता बनाने के उद्देश्य से किया गया था। विश्वविद्यालय की ओर से सूक्ष्मजीव विज्ञान के पीएच.डी. शोधार्थी सौपर्णो पॉलय बी.एससी-एमएससी, रसायन विज्ञान विभाग के अभिषेक डे व सुश्री कल्पना पूनिया ने प्रतिभागिता की। टीम ने स्थायी हरित दृष्टिकोण का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक कचरे से दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (आरईई) के निष्कर्षण पर अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के लिए पूरे भारत से 11 शॉर्टलिस्ट की गई टीमों के बीच राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के माध्यम से टीम को दूसरे स्थान के लिए चुना गया था। सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह और रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार ने भी विजेता टीम को शुभकामनाएँ दी और विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित किया।

## CUH team won 2nd prize at Grand Innovation Challenge SPARK 2.0

CUH, Jan 17, 2023

The students from the Department of Microbiology and Chemistry, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh secured 2nd position at Grand Innovation Challenge SPARK 2.0 — a Unique Ideathon Competition for students. Prof. Tankeshwar Kumar, vice-chancellor of the university congratulated the students and mentors for this achievement and mentioned that innovative practices are required at each stage of learning to become successful entrepreneurs. The SPARK challenge was conducted by BSC Bionest Bioincubator, Regional Center for Biotechnology, Faridabad, with an aim to promote design thinking, innovation and to create an entrepreneurial mind-set amongst students.

The team comprised Mr Souparno Paul (PhD scholar, Department of Microbiology) as team leader and Mr. Abhishek De and Ms. Kalpana Poonia (B. Sc. and M. Sc. students, Department of Chemistry). The team presented its innovative idea on extraction of rare earth elements (REE) from electronic wastes using sustainable green approaches. The team was selected for 2nd position through national level competition amongst 11 shortlisted teams from all over India. The team worked under mentorship of Prof. Gunjan Goel and Dr. Prakash Kanoo from Department of Microbiology and Chemistry. Prof. Surrender Singh, HoD, Department of Microbiology, and Prof. Vinod Kumar, HoD, Department of Chemistry also congratulated the winning team and encouraged the students to participate in such competitions.

## 1.2 हकेवि के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार एम्बेसडर ऑफ ग्रीन प्लेनेट अवार्ड से सम्मानित

CUH, Jan 20, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को एम्बेसडर ऑफ ग्रीन प्लेनेट अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। दिल्ली में आयोजित ईवाई4ईवी इंडिया समिट 2023 में गोल्डन सिग्नेचर रिसर्च एंड कंसलटिंग की ओर से उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान पर्यावरण हितैषी एवं प्लेनेट को हरा-भरा रखने की दिशा में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के सभी सहभागियों व सहयोगियों को दिया है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निरंतर पर्यावरण हितैषी प्रयास कर रहा है। उन्होंने इस दिशा में विशेष प्रयासों को आवश्यक बताया और कहा सरकार, इंडस्ट्री और सभी सहभागियों को इस दिशा में मिलकर योजनागत प्रयास करने होंगे। ग्रीन

एनर्जी ही भविष्य है और इसकी उपलब्धता के लिए शोध, नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। यहाँ बता दे कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 15वें तीन दिवसीय इलैक्ट्रिक व्हिकल्स एग्जीबिशन (ईवी-एक्सपो)-2022 में बेस्ट इनोवेशन स्टॉल अवॉर्ड प्राप्त किया था। इस ईवी-एक्सपो में विश्वविद्यालय के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की ओर से स्मार्ट इको फ्रैंडली कार सहित सात विभिन्न पर्यावरण हितैषी इनोवेशन प्रस्तुत किए गए थे।

## CUH Vice-Chancellor Professor Tankeshwar Kumar honored with 'Ambassador of Green Planet Award'

CUH, Jan 20, 2023

Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has been honored with the 'Ambassador of Green Planet Award 2022'. He has been awarded with this award by Golden Signatures Research and Consulting at the EY4EV India Summit 2023 held in Delhi. This honor has been given to Prof. Tankeshwar Kumar for his exemplary contributions to save our environment and keep our planet green.

Prof. Tankeshwar Kumar gave the credit of this achievement to all the stakeholders of the University. Congratulating the entire team of the University, he said that the University is constantly making environment-friendly efforts keeping in mind the needs of the future. He said that special efforts are necessary in this direction and the government, industry, and all the participants will have to make concerted efforts. Green energy is the future and for its availability research and innovation needs to be promoted. It may be mentioned here that Central University of Haryana received the Best Innovation Stall Award at the 15th Electric Vehicles Exhibition (EV-Expo)-2022 held at Pragati Maidan, Delhi. In this EV-Expo, seven different eco-friendly innovations, including Smart Eco Friendly Car, were presented by the Centre for Innovation and Incubation of the University.

## 1.3 हकेवि की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान से सम्मानित

CUH, Jan 25, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की समकुलपति व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सदस्य प्रो. सुषमा यादव को अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान, नई दिल्ली द्वारा सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया है। शिक्षा व महिला कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. सुषमा यादव को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रो. यादव का योगदान शिक्षा व महिला कल्याण के क्षेत्र में निरंतर जारी है।

प्रो. सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय सहभागी लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उल्लेखीय रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रो. यादव ने इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह व अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका यह प्रयास अवश्य ही उन प्रतिभाओं के लिए सच्चा सम्मान है जोकि शिक्षा व महिला कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं।

डॉ. हंसराज सुमन, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान व उपाध्यक्ष श्री दयानंद वत्स ने बताया कि वर्ष 2023 में यह सम्मान प्रो. सुषमा यादव सहित छह विदुषी महिला शिक्षाविदों को प्रदान किया गया है। इनमें प्रो. कृष्णा शर्मा, प्राचार्य, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालयय प्रो. अनुला मौर्या, प्राचार्य, कालिंदी कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालयय प्रो. अनु मेहरा, लॉ फैकल्टीय प्रो. गीता सहारे, राजनीति विज्ञान विभाग, लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय व प्रो. रजत रानी मीनू, हिंदी विभाग, कमला नेहरू कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के नाम शामिल रहे।

## CUH PVC Professor Sushma Yadav honored with Mata Savitribai Phule National Education Award

CUH, Jan 25, 2023

Prof. Sushma Yadav, Pro Vice-Chancellor, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh and member of University Grants Commission (UGC) has been honored with the Mata Savitribai Phule National Education Award-2023 by the International Mata Savitribai Phule Sodh Sansthan, New Delhi. She was given this honor for her commendable services and remarkable contribution in the field of education and women's welfare. The Vice Chancellor of Central University of Haryana Prof. Tankeshwar Kumar congratulated Prof. Sushma Yadav and said that Prof. Yadav's contribution continues in the field of education and women's welfare.

Prof. Sushma Yadav said that under the leadership of Prof. Tankeshwar Kumar, all the stakeholders of the University are continuously registering their presence on national and international platforms. Prof. Yadav also expressed her gratitude to Vice Chancellor of Delhi University, Prof. Yogesh Singh and International Mata Savitribai Phule Sodh Sansthan and said that this effort of theirs is certainly a true honor for those talents who are continuously working in the field of education and women's welfare.

Dr. Hansraj Suman, Chairman, International Mata Savitribai Phule Sodh Sansthan and Vice Chairman Mr. Dayanand Vats said that apart from Prof. Sushma Yadav, the year 2023 award has also been given to six eminent women educationists including Prof. Krishna Sharma, Principal, PGDAV College, University of Delhi; Prof. Anula Maurya, Principal, Kalindi College, University of Delhi; Prof. Anu Mehra, Faculty of Law; Prof. Geeta Sahare, Department of Political Science, Laxmibai College, University of Delhi and Prof. Rajat Rani Meenu, Department of Hindi, Kamala Nehru College, University of Delhi.

### 1.4 हकेवि के स्वयंसेवक को कुलपति ने किया सम्मानित

CUH, Feb 03, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेकर लौटे विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक अमरदीप कुमार को सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि अमरदीप का 74वें गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभागिता करना हम सभी के लिए गौरव व हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि अमरदीप ने विश्वविद्यालय व राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक ने गणतंत्रा दिवस की परेड में कर्तृतव्य पथ पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से अमरदीप कुमार को 5100 रूपए प्रोत्साहन स्वरूप दिए गए। प्रो. चहल ने बताया कि अमरदीप ने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक लगने वाले गणतंत्र दिवस परेड शिविर में हिस्सा लिया और इस शिविर के दौरान अमरदीप विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने का मौका मिला। अमरदीप कुमार ने एनएसएस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश चहल के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति ने मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए। अमरदीप कुमार ने बताया कि इस शिविर के दौरान देश के 28 राज्यों एवं 6 केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 198 छात्र एवं छात्राएं ने प्रतिभागिता की। उन्होंने बताया कि शिविर में परेड प्रशिक्षण के साथ मानसिक विकास हेतु भी शैक्षणिक सत्रों व सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिससे अन्य राज्यों की संस्कृति, परंपरा, इतिहास व खानपान को समझने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान उन्हें भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू सहित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात का अवसर भी मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, उप कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अजय पाल शर्मा, एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु एवं डॉ. प्रदीप ने स्वयंसेवक अमरदीप कुमार को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## Amardeep Kumar, NSS Volunteer, honoured by the Vice-Chancellor

CUH, Feb 03, 2023

Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice-Chancellor of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, honored the university's volunteer, Amardeep Kumar, upon his return from participating in the Republic Day parade. The Vice-Chancellor stated that Amardeep's participation in the 74th Republic Day parade is a matter of pride and joy for all of us. He mentioned that Amardeep has brought glory to the university and the state at the national level.

Prof. Dinesh Chahal, the coordinator of the National Service Scheme (NSS) unit of the university, explained that the university's volunteer represented the university on the path of duty during the Republic Day parade. In recognition of this achievement, Amardeep Kumar was presented with an encouragement reward of INR 5,100 by the Vice-Chancellor. Prof. Chahal mentioned that Amardeep Kumar participated in the Republic Day parade camp held from January 1 to January 31, where he had the opportunity to engage in various activities. Amardeep Kumar shared his experiences with Prof. Dinesh Chahal, the coordinator of the NSS unit, and the Vice-Chancellor of the university. Amardeep Kumar stated that a total of 198 students from 28 states and 6 Union Territories of the country participated in the camp. Amardeep also shared that he had the opportunity to meet with the Honorable President of India, Smt. Draupadi Murmu, Prime Minister Shri Narendra Modi, Vice President Shri Jagdeep Dhankhar, and Minister of Sports Shri Anurag Thakur during the camp. On this occasion, Prof. Anand Sharma, the Dean of Student Welfare at the university, Dr. Ajay Pal Sharma, the Deputy Dean of Student Welfare, Dr. Renu and Dr. Pradeep, the program officers of the NSS unit, congratulated and extended their best wishes to the volunteer Amardeep Kumar.

### 1.5 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को मिला कैल्शियम फोर्टीफाईड घी का पेटेंट

CUH, Feb 15, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षकों व शोधार्थियों ने ऐसा घी तैयार किया है जो कि मिलेट्स में उपलब्ध पौष्टिक तत्त्व कैल्शियम का उपयोग कर बना है। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय को भारत सरकार द्वारा पेटेंट भी प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सविता बुधवार, भौतिक एवं खगोल भौतिकी विज्ञान विभाग के प्रो. सुनील कुमार और शोधार्थी मनाली चक्रवर्ती ने इस उल्लेखनीय कार्य को अंजाम दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने डॉ. सविता बुधवार व उनकी टीम को बधाई दी और कहा कि यह नवाचार लोगों में बढती कैल्शियम की कमी व स्वास्थ्य संबंधी विकारों के समाधान में मददगार साबित होगा। हमारा उद्देश्य लोगों को मिलेट्स के बारे में जागरूक करना है व मिलेट वर्ष 2023 के उद्देश्यों को प्राप्त करना है।

इस संबंध में डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि उनकी टीम ने मिलेट्स (मोटा अनाज) में उपलब्ध पौष्टिक तत्व कैल्शियम का उपयोग कर घी बनाया है। उन्होंने कहा कि जहां तक बात बाजार में उपलब्ध घी (क्लेरिफाइड बटर) की है तो यह मुख्य रूप से डेयरी उत्पाद पर आधारित है और इसे तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान दूध के ठोस पदार्थ निकल जाते हैं व छाछ घी अथवा मक्खन कैल्शियम मुक्त हो जाता है। इस तरह से इस प्रक्रिया के अंतर्गत तैयार घी अथवा मक्खन में आवश्यक कैल्शियम नहीं रहता है। डॉ. सविता बुधवार ने बताया कि उनकी टीम ने कैल्शियम की इस आवश्यकता को देखते हुए मिलेट्स में उपलब्ध कैल्शियम का उपयोग करके कैल्शियम फोर्टीफाइड घी का निर्माण किया है। जिसमे नेचुरल एंटी-ऑक्सीडेंट उपलब्ध हैं व विभिन्न प्रकार के फायतोकेमिकल्स भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह कैल्शियम फोर्टीफाईड घी सामान्य तापमान पर भी लंबे समय तक खराब नहीं होता। यह फोर्टीफाईड घी शरीर में कैल्शियम की कमी, लेकटोज इनटॉलेरेंस (पाचन सम्बन्धी विकार) रोगियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

### Central University of Haryana gets patent for Calcium Fortified Ghee

CUH, Feb 15, 2023

Faculty members and researchers of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh have prepared ghee which is made by using calcium, a nutritious element available in millets. The University has also been awarded a patent by the Government of India for this achievement. Dr. Savita Budhwar, Assistant Professor, Department of Nutritional Biology of the University; Prof. Suneel Kumar, Department of Physical and Astrophysical Sciences, and research scholar Manali Chakraborty did this remarkable work. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar congratulated

Dr. Savita Budhwar and her team and said that this innovation will prove to be helpful in solving the increasing calcium deficiency and health related disorders in people. Our aim is to make people aware about Millets and to achieve the objectives of Millets Year 2023.

In this regard, Dr. Savita Budhwaar said that her team has made ghee by using calcium, a nutritious element available in millets. She said that as far as the Ghee (clarified butter) available in the market is concerned, it is mainly based on dairy products and during the process of preparation, milk solids are removed and buttermilk, ghee or butter becomes calcium free. In this way, the ghee or butter prepared under this process does not contain the necessary calcium. Dr. Savita said that in view of this need of calcium, her team has manufactured calcium fortified ghee by using calcium available in millets. In millets, natural anti-oxidants are available and various types of phytochemicals are also included. She told that this calcium fortified ghee does not decay for a long time even at normal temperature. The ghee will also prove useful to treat calcium deficiency in patients with lactose intolerance (digestive disorders).

### 1.6 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को भारतीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा से सम्बन्धित पेटेंट मिला

CUH, Feb 20, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग में शोधार्थी प्रदीप कुमार ने भारतीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा से संबंधित अपने एक डिजाइन के लिए पेटेंट प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शोधार्थी व विभाग के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय चिकित्सा प्रणाली बेहद प्राचीन है और इसकी उपयोगिता निरंतर कायम है। शोधार्थी प्रदीप कुमार की यह उपलब्धि इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

योग विभाग के प्रभारी डॉ. अजयपाल ने बताया कि शोधार्थी प्रदीप कुमार ने भारतीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा से सम्बन्धित एक डिजाइन पेटेंट प्राप्त किया है। इस डिजाइन में एक ऐसा पैर की मालिश करने वाला (फुट मसाजर) यन्त्र तैयार किया गया है, जो लगातार बैठकर काम करने वालों को चुस्ती-फुर्ती देने वाला है। यह यंत्र बिना बिजली के काम करता है।

शोधार्थी प्रदीप कुमार ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि एक्यूप्रेशर सिद्धांत के अनुसार हमारे पैर के तलवों व किनारे हिस्से में कुछ ऐसे महत्त्वपूर्ण एक्यूप्रेशर बिंदु होते हैं, जो यदि एक साथ दबाये जाएं या मालिश किये जाएं, तो वांछित लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं। जब ये एक्यूप्रेशर बिंदु एक साथ दबाव में आते हैं, तो रक्त संचरण में सुधार के साथ-साथ दर्द में भी आराम देते हैं। अगर यह फुट मसाजर दो से तीन मिनट के अभ्यास से कर्मचारियों कर कार्यक्षमता बढ़ाने में भी उपयोगी है। इस कार्य में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन और अभियंत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मुरली ने भी योगदान दिया।

### CUH got patent related to Indian Acupressure Therapy

CUH, Feb 20, 2023

Pradeep Kumar, a research scholar at the Department of Yoga, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, has received a patent for one of his designs related to Indian Acupressure Therapy. Congratulating the research scholars and teachers of the department on this achievement, the Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar said that the Indian medical system is very ancient and its utility is constant.

Dr. Ajay Pal, TIC, Department of Yoga said that research scholar Pradeep Kumar has obtained a design patent related to Indian acupressure therapy. In this design, a foot massaging device (foot massager) has been prepared, which is going to give agility to those who work continuously. This device works without electricity.

Pradeep Kumar while giving more information said that according to the theory of acupressure, there are some important acupressure points on the soles and sides of our feet which, if pressed or massaged together, provide the desired benefits. When these acupressure points come under

pressure together, they improve blood circulation as well as decrease pain. This foot massager is also useful in increasing the efficiency of employees by practicing for two to three minutes. Dr. Naveen, Assistant Professor of the Department and Dr. Murali of the Engineering Department also contributed in this work.

### 1.7 हकेवि समकुलपति प्रो. सुषमा यादव को मिला महिला सशक्तिकरण सम्मान

CUH, Mar 10, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की समकुलपति प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय प्रयासों हेतु महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भागीदारी जनसहयोग समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। समकुलपति प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात कर उन्हें यह सम्मान सौपा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. सुषमा यादव को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रो. यादव का योगदान महिला सशक्तिकरण हेतु उल्लेखनीय है। उनके द्वारा महिला उत्थान हेतु प्रयास निरंतर जारी है।

प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को सम्मान पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि कुलपति महोदय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय सहभागी लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रो. यादव ने इस मौके पर भागीदारी जनसहयोग समिति के प्रमुख व गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपी यूनिवर्सिटी), नई दिल्ली के पूर्व कुलपति प्रो. के.के. अग्रवाल का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भागीदारी जनसहयोग समिति द्वारा उनके कार्यों को देखते हुए दिया गया यह सम्मान महिला उत्थान की दिशा में जारी उनके प्रयासों को बल प्रदान करेगा। प्रो. सुषमा यादव को यह पुरस्कार राजधानी दिल्ली में इंजीनियर्स भवन के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। यहां बता दे कि इससे पूर्व में भी प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव को उनके शिक्षा व महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सकारात्मक कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान-2023 शामिल हैं। यह पुरस्कार उन्हें अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान की ओर से प्रदान किया गया था।

### CUH Pro-Vice Chancellor Prof. Sushma Yadav got Women Empowerment Award

CUH, Mar 10, 2023

Prof. (Dr.) Sushma Yadav, Pro Vice-Chancellor of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, was honored with Women Empowerment Award for her remarkable efforts in the field of women empowerment. She was awarded this honor by Bhagidari Jan Sahyog Samiti in a program organized in New Delhi on the occasion of International Women's Day. Prof. (Dr.) Sushma Yadav met the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar on Friday and handed over this honor to him. Prof. Tankeshwar Kumar congratulated Prof. Sushma Yadav for this honor and said that her contribution is remarkable for women empowerment.

While presenting the letter of honour to the Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar, Prof. (Dr.) Sushma Yadav said that under the leadership of the Vice-Chancellor, the University participants are continuously registering their presence on national and international forums. Prof. Yadav expressed her gratitude to the Bhagidari Jan Sahyog Samiti and former Vice-Chancellor of Guru Gobind Singh Indraprastha University (IP University), New Delhi, Prof. K.K. Aggarwal. He said that in view of her works, this honor given by the Bhagidari Jan Sahyog Samiti will strengthen her ongoing efforts towards the upliftment of women. Prof. Sushma Yadav was given this award at a felicitation ceremony organized in the auditorium of Engineers Bhavan in New Delhi.

### 1.8 हकेवि के दो स्वयंसेवको को राज्यपाल ने किया सम्मानित

CUH, Mar 28, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्वयंसेवको आलोकनाथ पाण्डेय व अमरदीप कुमार को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा चण्डीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दोनों स्वयंसेवको को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई क समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र आलोक व अमरदीप कुमार को एनएसएस में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने चण्डीगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आलोक व अमरदीप कुमार ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा एवं कार्यक्रम समन्ववयक प्रो. दिनेश चहल, डॉ. प्रदीप एवं डॉ. रेनु को देते हुए कहा कि उनसे मिली प्रेरणा के कारण ही यह सब संभव हो पाया है। इस अवसर पर उनके माता पिता ने कहा कि वो इस मौके पर गौरवांवित महसूस कर रहे है। सम्मान समारोह में उपस्थित हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री माननीय श्री मूलचंद शर्मा, एनएसएस दिल्ली निदेशालय के निदेशक श्री जंगजिलोंग ने भी दोनों स्वयंसेवको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### Governor Honoured Two NSS Volunteers Alok Nath Pandey and Amardeep Kumar from CUH

CUH, Mar 28, 2023

Alok Nath Pandey and Amardeep Kumar, volunteers of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, were honored by the honorable Governor of Haryana, Shri Bandaru Dattatreya, at an event held in Chandigarh. Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice-Chancellor of the university, congratulated both volunteers and wished them a bright future.

Prof. Dinesh Chahal, the coordinator of the National Service Scheme (NSS) unit of the university, explained that Alok and Amardeep Kumar were recognized by the honorable Governor of Haryana, Shri Bandaru Dattatreya, at a felicitation ceremony held in Chandigarh, for their exceptional contributions to NSS. They were presented with cash rewards, certificates, and mementos. Alok and Amardeep Kumar attributed their success to their parents, Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice-Chancellor of the university, Prof. Anand Sharma, the Dean of Student Welfare, and program coordinators Prof. Dinesh Chahal, Dr. Pradeep, and Dr. Renu. They expressed gratitude for the inspiration they received from them. On this occasion, their parents expressed their immense pride stating that they feel honored.

Honorable Higher Education Minister of Haryana, Shri Mulchand Sharma, and the Director of NSS Delhi Directorate, Shri Jangjilong, also congratulated and extended their best wishes to both volunteers during the felicitation ceremony.

## 2. Celebrations

### 2.1 हकेवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

CUH, Jan 12, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेड क्रॉस के सामूहिक प्रयास

से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन तथा उनकी विचारधारा युवा पीढ़ी के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का एक उत्तम स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा लोगों को सशक्त करने का एक मौलिक स्रोत है।

विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन तथा भारत को विश्व स्तरीय पहचान दिलवाने में उनके योगदान से युवा पीढ़ी को अवगत करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, युवाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

### Program organized at CUH on National Youth Day

CUH, Jan 12, 2023

On the occasion of National Youth Day, a special program was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, through the collaborative efforts of the National Service Scheme (NSS) and Youth Red Cross. In his address, the Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar, stated that the life and ideology of Swami Vivekananda serves as an excellent source of inspiration and guidance for the youth. He emphasized the importance of education as a fundamental source of empowerment in the construction of society and the nation, as per the teachings of Swami Vivekananda.

Dr. Dinesh Chahal, the coordinator of the NSS unit at the university, explained that the purpose of the program was to create awareness among the youth about the life and contributions of Swami Vivekananda in establishing India's global identity. Students actively participated in the program. As part of the event, a signature campaign was conducted to spread awareness about HIV/AIDS among the youth.

## 2.2 भारतीय सभ्यता के विकास का केंद्र है राखीगढ़ीः प्रो. टंकेश्वर कुमार

CUH, Jan 23, 2023



भारतीय सभ्यता हजारों वर्षों पुरानी है और इसके विकास का अध्ययन लगातार जारी है। इस दिशा में राखीगढ़ी वह महत्त्वपूर्ण स्थान है जोकि भारतीय सभ्यता के विकास का केंद्र रही है। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राखीगढ़ी महोत्सव 2023 के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। अस्तित्त्व द्वारा आयोजित इस वार्षिक सांस्कृतिक आयोजन में डेक्कन कॉलेज रिसर्च इंस्टिट्यूट, पुणे के पूर्व कुलपति प्रो. वसंत शिंदे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर राखीगढ़ी उत्खनन के निदेशक प्रो. वसंत शिंदे और डॉ. संजय मंजुल ने राखीगढ़ी के अतीत पर प्रकाश डाला। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नरेंद्र परमार ने भी सरस्वती नदी घाटी में भारतीय सभ्यता का उदय और तिगराणा उत्खनन पर अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम, हरियाणवी भोजन, हरियाणवी वस्तुओं की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही।

### Rakhigarhi is the Center of Development of Indian Civilization: Prof. Tankeshwar Kumar

CUH, Jan 23, 2023

"Indian civilization is thousands of years old, and its development has been continuously studied. In this regard, Rakhigarhi holds significant importance as the center of development of Indian civilization." This statement was made by Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice-Chancellor of Central University of Haryana (CUH), during the inauguration of Rakhigarhi Mahotsav 2023, where he was the

chief guest. The prestigious event, organized by the Rakhigarhi Excavation, witnessed the esteemed presence of Prof. Vasanth Shinde, the former Vice-Chancellor of Deccan College Research Institute, Pune.

During the event, Prof. Vasanth Shinde and Dr. Sanjay Manjul shed light on the past of Rakhigarhi. Dr. Narendra Parmar, Assistant Professor in the Department of History and Archaeology at CUH, also expressed his thoughts on the rise of Indian civilization in the Saraswati River Valley and the excavations at Tigara. The program featured cultural activities, traditional Haryanvi cuisine, and an exhibition of Haryanvi artifacts, which were the main attractions of the event.

### 2.3 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित

CUH, Jan 26, 2023



भारत का 74वां गणतंत्र दिवस हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन स्थित विद्या वीरता स्थल पर देश की सेवा में शहीद सैनिकों को नमन किया। इसके पश्चात प्रशासनिक खंड स्थित उद्यान में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस व वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने इस अवसर पर देश की सीमा पर तैनात वीर सैनिकों के शौर्य व बलिदान को भी नमन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग ही इस गणतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भारतीय संविधान को एक पवित्र पुस्तक बताते हुए कहा कि संविधान पर चलते हुए ही हम भारत को एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में वैश्विक पटल पर प्रस्तुत कर सके हैं। भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडरकर को नमन करते हुए कुलपति ने कहा कि बाबा साहब ने आमजन को केंद्र में रखकर संविधान का निर्माण किया। कुलपति ने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की अध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को दुनिया में नई पहचान मिल रही है और हमारा यह नैतिक कर्त्तव्य है कि हम अपने गौरवशाली इतिहास व संस्कृति से अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत कराएं।

कुलपति ने सरकार की मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्र्टाटअप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं जैसी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इन सभी योजनाओं में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी से अपनी जिम्मेवारी समझकर उसे पूर्ण करने के लिए अपना सौ प्रतिशत देने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय कुलपति ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के सैनिकों, किसानों व बुद्धिजीवियों के प्रयासों की सराहना की और सभी को मिलकर भारत की प्रगति में योगदान के लिए प्रेरित किया।

### 74th Republic Day celebrated in CUH

CUH, Jan 26, 2023



The 74th Republic Day of India was celebrated with gusto at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar first bowed down to the martyred soldiers at the VidyaVeerta Sthalin of the University. After this, Prof. Tankeshwar Kumar hoisted the flag in the garden located in the administrative block. On this occasion, he extended best wishes to teachers, staff and students on Republic Day and Vasant Panchami. The occasion was graced by the presence of the first woman of the University, Prof. Sunita Srivastava; Registrar, Prof. Sunil Kumar, other dignitaries, teachers, and students of the university.

In his address Prof. Tankeshwar Kumar said that 140 crore people of India are the biggest strength of this republic. Describing the Indian Constitution as a holy book, he said that only by following the Constitution, we have been able to present India as a strong democracy on the global stage. Saluting the architect of India's constitution, Babasaheb Bhimrao Ambedkar, the Vice-Chancellor said that Babasaheb framed the constitution keeping the common man at the center. The Vice-Chancellor said that we are setting new records at the global level everyday under the leadership of Prime Minister Shri Narendra Modi. He said that today India's spiritual and cultural heritage is getting new recognition in the world and it is our moral duty to inform our future generations about our glorious history and culture.

Referring to the government's ambitious schemes like Make in India, Digital India, Skill India, Startup India, Self-reliant India, Beti Bachao Beti Padhao, the Vice-Chancellor said that Central University of Haryana is making significant contribution in all these schemes. He also called upon everyone to understand their responsibility and take a pledge to give their hundred percent to fulfill it.

At the end of the programme, the Vice-Chancellor of the University while sharing best wishes of the Republic Day, praised the efforts of the country's soldiers, farmers, and intellectuals and encouraged everyone to contribute to India's progress.

## 2.4 महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयन्ती के अवसर पर देव यज्ञ आयोजित

CUH, Feb 13, 2023



महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयन्ती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की स्वामी दयानन्द सरस्वती पीठ में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वामी दयानन्द सरस्वती पुष्प अर्पित किए। कुलपति ने दयानंद सरस्वती के विचारों को आत्मसात कर समाज कल्याण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

स्वामी दयानन्द सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणवीर सिंह के निर्देशन में हवन-यज्ञ का कार्यक्रम श्रद्धा-भक्ति से सम्पन्न हुआ। संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया। हिन्दी विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. वीरपाल सिंह, सह-आचार्य डॉ. कामराज सन्धु, डॉ. कमलेश व डॉ. अरविन्द तेजावत, योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन, संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. सुमन रानी व सहायक आचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह आदि से उपस्थित रहे। संस्कृत, योग व हिन्दी विभागों के शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित की।

## Dev Yajña organized at CUH on the occasion of Maharishi Dayanand Saraswati's Jayanti

CUH, Feb 13, 2023

On the occasion of Maharishi Dayanand Saraswati's Jayanti, a havan- yajña (sacred fire ceremony) was organized at the Swami Dayanand Saraswati Pith of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar, offered floral tributes to Swami Dayanand Saraswati and inspired everyone to assimilate his teachings for the betterment of society.

Under the guidance of Pithacharya Prof. Ranveer Singh, the havan- yajña program was conducted with utmost reverence and devotion. It was organized by the combined efforts of the Department of Sanskrit and coordinated by Dr. Veerpal Singh, Head of the Hindi Department, along with Dr. Kamraj Sandhu, Dr. Kamlesh, Dr. Arvind Tejvat, Dr. Navin (Assistant Acharya of the Yoga Department), Dr. Suman Rani (In-charge of the Sanskrit Department), and Dr. Devendra Singh (Assistant Acharya of the Sanskrit Department). The research scholars and students from the Departments of Sanskrit, Yoga, and Hindi also participated in the yajña by offering oblations.

## 2.5 रेडियो भारत के जनमानस की आवाज है जिसने लोगों के जीवन को अपने रंगो से भरा हैः कुलपति

### -विश्व रेडियो दिवस पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

CUH, Feb 14, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विश्व रेडियो दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि रेडियो कानों में रस घोलता, मधुर संगीत और जरूरी जानकारी देने वाला मुफ्त, सशक्त, सरल एवं सुलभ जनसंचार माध्यम है। यह भारत के जनमानस की आवाज है जो अपने कार्यक्रमों के जरिए भारत की विविधता से अवगत करवाता है। कुलपति ने कहा कि रेडियो के साथ लोगों के जीवन की कहानियां जुड़ी है। रेडियो अपने कार्यक्रमों के जरिए आम आदमी के जीवन को अलग अलग तरह के रंगो से भरता है। भारत के जनमानस के जनजागरण में रेडियो की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा भारत में रेडियो के प्रसार के साथ ही रोजगार की आपार संभावनाएं बढ़ी है। आज रेडियो अपने कंटेंट एवं प्रस्तुति के जरिए लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। इसका पूरा श्रेय उन रचनात्मक युवाओं को जाता है कि जो अपनी रचनात्मकता से कार्यक्रमों को श्रोताओं के लिए रोचक व आकर्षक बनाते हैं। कार्यशाला के आयोजन के लिए कुलपति ने विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार को बधाई दी और रेडियो से जुड़ी अपनी यादें विद्यार्थियों के साथ साँझा की।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में रेडियो सिटी करनाल से आर जे रोकी ने विद्यार्थियों को रेडियो प्रोग्रामिंग, कॉपीराइटिंग और वॉइस मॉड्युलेशन के बारे में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि रेडियो के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं यदि आप रेडियो जॉकी बनना चाहते हैं तो सिर्फ बोलना ही नहीं बल्कि क्या, कितना, कब और कैसे प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुत करना है ये सब आना चाहिए। कार्यशाला के दूसरे सत्र में रेडियो जोकी भावना ने विद्यार्थियों के साथ सोशल मीडिया के क्षेत्र में रेडियो से संबंधित करियर संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आर जे बनने के लिए आपको अच्छे ज्ञान के साथ साथ और विविध शब्दावली पर पकड़ होनी चाहिए।चितकारा यूनिवर्सिटी से सह आचार्य प्रोफेसर पंकज गर्ग ने अपने शैक्षणिक एवं इंडस्ट्री अनुभव साँझा करते हुए बताया कि रेडियो के कार्यक्रम मुख्यतः शिक्षा, सूचना और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए बनाए जाते हैं। अधिकांश रेडियो को संगीत का पर्याय माना जाता है किंतु ऐसा नहीं है रेडियो सरल तरीके से आपके साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े अहम मुद्दों को साँझा करता है। उन्होंने कहा कि रेडियो ने लोगों के जीवन की उत्पादकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आकाशवाणी हिसार से पवन कुमार ने विद्यार्थियों के साथ क्षेत्रीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं निर्माण के गुर साँझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आप आमजन में से लोगों को रेडियो पर बुलाकर उनसे चर्चा परिचर्चा करके अपने श्रोताओं को जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि रेडियो शुरुआत से ही शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के साथ व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय विकास में सर्वाधिक भूमिका निभा रहा है। कार्यशाला में विभाग के शिक्षक डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. नीरज करण सिंह, श्री आलेख एस नायक एवं डॉ. भारती बत्रा व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## One-day workshop organized in the Department of Journalism and Mass Communication at CUH on World Radio Day

CUH, Feb 14, 2023

Haryana Central University (CUH), Mahendergarh, organized a one-day workshop on World Radio Day in the Department of Journalism and Mass Communication. Inaugurating the workshop, the Vice-Chancellor of the university, Professor Tankeshwar Kumar, said that radio is a free, powerful, simple, and accessible medium that stirs emotions, provides melodious music, and imparts essential information to us. It is the voice of the Indian psyche, which familiarizes people with the diversity of India through its programs. The Vice-Chancellor said that radio is associated with the stories of people’s lives. Radio fills the lives of ordinary people with various shades through its programs. He said that along with radio broadcasting in India, employment opportunities have also increased significantly. Today, radio is ruling the hearts of people through its content and presentation. The credit for this goes to those creative youth who make their programs interesting and attractive with their creativity. The Vice-Chancellor congratulated the Head of the Department, Dr. Ashok Kumar, for organizing the workshop and shared his memories related to radio with the students.

In the first session of the workshop, RJ Roki from Radio City Karnal provided training to the students on radio programming, copyrighting, and voice modulation. He said that there are immense opportunities in the field of radio if one wants to

become a radio jockey. In the second session, Radio Jockey Bhavna discussed career opportunities related to radio in the field of social media with the students. She mentioned that to become an RJ, one should have good knowledge along with a diverse vocabulary. Assistant Professor Pankaj Garg from Chitkara University shared his academic and industry experience and explained that radio programs are primarily focused on education, information, and entertainment. Pawan Kumar from Akashvani Hisar presented and discussed regional programs with the students, emphasizing how they can engage with the general public by inviting them to talk on the radio and provide information to the listeners. Dr. Ashok Kumar, the Head of the Department of Journalism and Mass Communication, said that radio has always played the most significant role in personal and national development along with education, information, and entertainment. The workshop was attended by department faculty Dr. Pankaj Kumar, Dr. Surendra, Dr. Neeraj Karan Singh, Mr. Alekh S. Nayak, Dr. Bharti Batra, and students.

## Wonders of Innovation was organized in CUH






CUH, Feb 24, 2023

On the occasion of National Science Day, Wonders of Innovation was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh in collaboration with Haryana State Council of Science and Technology and Department of Science and Technology, Government of Haryana. The event was inaugurated at the University's Center for Innovation and Incubation by Pro Vice Chancellor of the University Prof. Sushma Yadav. While congratulating the convener of the program Prof. Sunita Srivastava, she said that this event will definitely be helpful in the development of research, innovation and scientific thinking among the school, college and University students who have reached here. Through his message the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar described this event important for the continuous development and promotion of new thinking from the scientific point of view and said that through this, not only the participants but also those who watch this program will be inspired to do something new.

Prof. Sunita Srivastava, Convener of the programme said that more than 400 participants participated in this event. Various types of competitions were also organized under this programme in which painting, speech, quiz competitions were prominent. In this sequence, different types of models focussing on topics like idea of innovation, working models, new startup idea and better use of waste were displayed by the participants. This time the theme of organizing the Science Day program has been set as Global Science for Global Wellbeing and models like smart city, wind energy, smart toll plaza etc. were displayed by the participants. On this occasion the Registrar of the University, Prof. Sunil Kumar, Dean Academics Prof. Sanjiv Kumar, Dean Research Prof. Neelam Sangwan, Director of Internal Quality and Assurance Cell, Prof. Sarika Sharma were present.

Prof. Rajesh Kumar Gupta, Convener of the programme said that along with the various competitions organized on Friday, the exhibitions were also evaluated by the jury. Based on the

decision of the Jury, the award ceremony would be held and the winners be felicitated after the expert lecture organized on the occasion of National Science Day on 28th February. Prof. Rajesh Kumar Gupta said that the entire organizing committee played an important role in the success of this event and for the first time such large scale exhibition and competitions were organized at the University level.

### 2.7 हकेवि ने पूरे किए स्थापना के चौदह वर्विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव स्पंदन के साथ मनाया गया स्थापना दिवस










CUH, Feb 25, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने अपनी स्थापना के चौदह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरु हुई इस यात्रा के चौदह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस व दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एचटी मीडिया में चीफ प्रोडेक्ट एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर युधवीर मोर उपस्थित रहे और उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई और इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। आयोजन में मुख्य अतिथि श्री युधवीर मोर ने विश्वविद्यालय की प्रगति व विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भारत की सांस्कृतिक झलक पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय आज प्रगति के पथ पर दौड़ता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सभी के लिए यह एक अवसर है कि वे एक दूसरे की सांस्कृतिक विरासत को जाने समझे और सहर्ष स्वीकार करें। कुलपति ने इस मौके पर विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप् निरंतर बढ़ रहे छात्रों की संख्या का उल्लेख करते हुए कहा कि हम 2009 में स्थापित विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों के स्तर पर विद्यार्थियों के पंजीकरण में सबसे अव्वल हैं।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में स्पंदन को एक महत्त्वपूर्ण आभास बताते हुए कहा कि यह हम सभी में नई चेतना के विकास में मददगार रहता है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जिस तरह से प्रगति के पथ पर अग्रसर है वह सर्वविदित है। विशेषकर उन्होंने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के कार्यकाल में विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम अब विश्व पटल पर अपनी

पहचान स्थापित कर रहे हैं। जिसके लिए सभी सहभागी पूर्ण ऊर्जा के साथ प्रयासरत हैं। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हकेवि के साथ-साथ अन्य विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो दिनों के इस आयोजन में म्यूजिक, डांस, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर, फाइन आर्ट के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, कविता पाठ, वाद-विवाद, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन की संयोजक डॉ. आरती यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. ए.पी. शर्मा, डॉ. रेनु यादव, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. नीलम सांगवान, प्रो. सारिका शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतकर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

## CUH Foundation Day celebrated with Annual Fest Spandan in the University

CUH, Feb 25, 2023

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has completed fourteen years of its establishment. On completion of fourteen years of this journey which started from 25 February 2009, the foundation day and two-day annual festival Spandan started in the University. Yudhvir Mor, Chief Product and Technology Officer, HT Media was present as the chief guest on the occasion and the inaugural session was presided over by the Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar. On this occasion, the first lady of the University, Prof. Sunita Srivastava, Pro-Vice Chancellor Prof. Sushma Yadav, Registrar Prof. Sunil Kumar were present.

The program started with the lighting of the lamp and on this occasion, different groups of students presented the best cultural glimpse of India by introducing unity in diversity through cultural dances and songs related to different states of the country. Expressing happiness over the progress of the University and the cultural glimpse of India presented by the students, Chief Guest Mr. Yudhvir Mor said that Central University of Haryana is running on the path of progress today. Referring to the diversity among the students in the University, he said that it is an opportunity for all to know and accept each other’s cultural heritage. Looking at Central University of Haryana in such a way, it seems that this University and its students will register their presence not only at the state but also at the country and world level too. Earlier, the Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar while congratulating everyone on the completion of fourteen years of establishment of the University said that this event is certainly a reflection of our success. This is an opportunity to decide the direction of the future by looking at the achievements made during the year. Mentioning the continuous increase in the number of students in the University as per the new education policy, the Vice-Chancellor said that we are at the top in registration of students at the level of various central universities established in 2009.

In her address Pro-Vice Chancellor of the University Prof. Sushma Yadav described the vibration as an important feeling and said that it helps in the development of new consciousness in all of us. The manner in which Central University of Haryana is marching on the path of progress is well known.

The Registrar of the university Prof. Sunil Kumar while delivering the welcome speech at the beginning of the program threw light on the establishment of the University and its development journey. While emphasizing the achievements made by the University during the tenure of Prof. Tankeshwar Kumar, he said that we are now establishing our identity on the world stage for which all the participants are striving with full energy. While giving information regarding the inter-university cultural annual festival Dean Student Welfare of the University, Prof. Anand Sharma said that along with CUH, teams from other universities are also participating. Presentations in Music, dance, literary program, theatre, vocal music under fine art, group dance, folk dance, poetry recitation, debate, skit, mime, painting, collage making, rangoli, mehandi, photography, poster etc. will be given in this two-day event. At the end of the program, the coordinator of the event Dr. Aarti Yadav presented the vote of thanks. On this occasion, Dr. A.P. Sharma, Dr. Renu Yadav, Prof. Sanjeev Kumar, Prof. Neelam Sangwan, Prof. Sarika Sharma were present along with the University teaching staff, students and research scholars.

## 2.8 दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापनः हकेवि वार्षिकोत्सव स्पंदन 2023 की ट्राफी रही हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम

CUH, Feb 26, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में दो दिनों तक चले वार्षिकोत्सव स्पंदन 2023 की ट्रॉफी इस बार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम रही। दो दिनों तक चले इस आयोजन में डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट, साहित्यिक कार्यक्रम व थियेटर की 5 श्रेणियों के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। इन प्रतियोगिताओं में न सिर्फ विश्वविद्यालय बल्कि अन्य शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन सत्र हरियाणी कलाकार गजेंद्र फोगाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने जमकर समां बांधा। आयोजन के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के नतीजे घोषित किए गए।

**डांस श्रेणी**

**फोक/ट्राइबल** डांस में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय पहले, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय दूसरे तथा चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की टीम ने तीसरे स्थान पर रहीं। क्लासिकल डांस में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बाजी मारी।

**म्यूजिक श्रेणी**

**लाइट म्यूजिक वोकल व वेस्टर्न वोकल सोलो** में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने पहला तथा एमडीयू, फरीदाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं **भारतीय समूहगान में** एमडीयू, फरीदाबाद ने पहला, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने दूसरा स्थान तथा चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान हासिल किया। **वेर्स्टन समूहगान व हरियाणवी/ओरकेस्ट्रा** में एमडीयू, फरीदाबाद ने पहला तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**फाइन आर्ट श्रेणी**

**ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता** ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने द्वितीय तथा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, एमडीयू, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **कोलाज मेकिंग में** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। **पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता** में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने प्रथम, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने द्वितीय तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में **ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी** में एमडीयू, फरीदाबाद ने प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने द्वितीय तथा इंदिरा गाँधी मीरपुर विश्वविद्यालय ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**साहित्यिक कार्यक्रम**

**हिंदी कविता पाठ में** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय तथा वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू व इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर तृतीय

**अंग्रेजी कविता पाठ में** एमडीयू, फरीदाबाद प्रथम, वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू द्वितीय तथा इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर तृतीय

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में** एमडीयू, फरीदाबाद प्रथम तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय

**भाषण प्रतियोगिता** में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम, एमडीयू, फरीदाबाद द्वितीय तथा वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू तृतीय

**थियेटर**

**स्किट व मिमिकरी** में वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय तथा इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर तृतीय

**माइम में** इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय तथा वैश्य कॉलेज, सीबीएलयू तृतीय

## The Two-day Annual Festival concluded: Trophy of CUH Spandan 2023 remained with Central University of Haryana

CUH, Feb 26, 2023

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, has emerged as the winner of the trophy of the two-day annual festival "Spandan 2023." In this event that lasted for two days, various competitions were organized in five categories, including dance, music, fine arts, literary programs, and theater. Not only the university but also participants from other educational institutions actively took part in these competitions. The program concluded with the presence of Haryanvi artist Gajendra Phogat, who enthralled everyone with his spectacular performance. The results of the various competitions were announced at the end of the event.

### Dance Category

In the Folk/Tribal Dance category, Maharshi Dayanand University secured the first position, Central University of Haryana secured the second position, and Chaudhary Bansi Lal University secured the third position. Central University of Haryana excelled in the Classical Dance category.

## Music Category

In the Light Music Vocal and Western Vocal Solo categories, CUH secured the first position, while MDU, Rohtak secured the second position. In Indian Group Singing, MDU, Rohtak secured the first position, CUH secured the second position, and Chaudhary Bansi Lal University secured the third position. In Western Group Singing and Haryanvi/Orchestra, MDU secured the first position, and CUH secured the second position.

## Fine Arts Category

In On-the-Spot Painting competition, CUH secured the first position, Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences secured the second position, and Chaudhary Ranbir Singh University secured the third position. In Rangoli and Mehndi competitions, CUH secured the first position, MDU secured the second position, and Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences secured the third position. In Collage Making, CUH secured the first position, MDU secured the second position, and Chaudhary Bansi Lal University secured the third position. In Poster Making competition, Kurukshetra University secured the first position, Chaudhary Ranbir Singh University secured the second position, and CUH secured the third position. In On-the-Spot Photography, MDU secured the first position, CUH secured the second position, and Indira Gandhi University, Meerpur, secured the third position.

## Literary Programs


In the Hindi Poetry Recitation category, Haryana Central University secured the first position, while Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences and Vaish College, CBLU, and Indira Gandhi University, Meerpur secured the second and third positions, respectively. In English Poetry Recitation, MDU secured the first position, Vaish College, CBLU secured the second position, and Indira Gandhi University, Meerpur secured the third position. In Debate, MDU secured the first position, and CUH secured the second position. In Speech competition, CUH secured the first position, MDU secured the second position, and Vaish College, CBLU secured the third position.

## Theater

In Skit and Mime category, Vaish College, CBLU secured the first position, CUH secured the second position, and Indira Gandhi University, Meerpur secured the third position. In Mime, Indira Gandhi University, Meerpur secured the first position, CUH secured the second position, and Vaish College, CBLU secured the third position.

## 2.9 हकेवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

CUH, Feb 28, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में डॉ. सी.वी. रमन की याद में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मंगलवार को विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रो. संदीप सहिजपाल ने ए कॉस्मिक जर्नीः गैलेक्सिज टू प्लेनेट्स व हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड विजेता प्रो. एलोरा सेन ने माडर्न साइंस मिट्स ट्रेडिशनल मेडिसन विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विज्ञान के क्षेत्र में मौलिक चिंतन पर जोर दिया और कहा कि स्व भाषा में मौलिक चिंतन से ही भारत विश्व स्तर पर विज्ञान के क्षेत्र में उपनी उपस्थिति दर्ज करा सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव उपस्थित रहीं और बीती 24 फरवरी को आयोजित वंडर्स ऑफ इनोवेशन के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

विश्वविद्यालय केकुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत आज का दिन नोबल पुरस्कार पाने वाले महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी रमन के योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाता है। हमें विज्ञान को समझने के लिए अवश्य ही उस माध्यम को अपनाना चाहिए, जिसमें हम सहज हों फिर वो चाहे भाषा की बात हो या फिर पुरातन संस्कृति से मिलने वाले ज्ञान की।

विशेषज्ञ व्याख्यान देते हुए प्रो. संदीप सहिजपाल ने बड़े ही रोचक अंदाज में ब्रह्मांडसे जुड़े रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस क्षेत्र में लगातार जारी शोध व उसके परिणामों और उसमें उपलब्ध शोध की संभावनाओं को विद्याथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से सूर्य व अन्य ग्रह विकसित हुए और उन पर जीवन की शुरुआत के पीछे का ज्ञान क्या है। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत जिज्ञासाओं का समाधान भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान कभी भी पूर्ण नहीं होता है और एक नई खोज के बाद शोध की अनिगत संभावनाएं विकसित होती हैं। इसलिए सदैव नया करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इसी क्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. एलोरा सेन ने परम्परागत उपचार पद्धतियों को लेकर विस्तार से बताया कि किस तरह से भारतीय आयुर्वेद में इनका प्रचलन रहा है। उन्होंने मुलेठी का उल्लेख करते हुए बताया कि वह स्वास्थ्य के लिए किस हद तक लाभदायक है और उससे संबंधित शोध परिणामों को भी सांझा किया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्पीच, पोस्टर, पेंटिंग, क्विच प्रतियोगिताओं सहित आइडिया ऑफ इनोवेशन, आइडिया ऑफ न्यू स्टार्टअप, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और वर्किंग मॉडल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय 113 विजेताओं को पुरस्कृत किया। बेस्ट स्टॉल श्रेणी में हकेवि के कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के कोडिंग क्लब को प्रथम, बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंस विभाग को द्वितीय व योग विभाग को तृतीय पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में 400 से अधिक प्रतिभागी स्कूल व विश्वविद्यालय श्रेणी के अंतर्गत शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में प्रो. पवन कुमार मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. नीलम सांगवान, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. ए.के. यादव, प्रो. गुंजन गोयल व प्रो. सुरेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## Expert lecture and prize distribution ceremony organized on National Science Day in CUH

CUH, Feb 28, 2023

On the occasion of National Science Day an expert lecture was organized on Tuesday in Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. As an expert speaker in this program, Prof. Sandeep Sahijpal of Panjab University delivered a lecture on ‘A Cosmic Journey: Galaxies to Planets’ and Haryana Vigyan Ratna Award winner Prof. Ellora Sen delivered a lecture on the topic Modern Science Meets Traditional Medicine. The program was presided over by the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar. In his address, he emphasized on fundamental thinking in the field of science and said that India can register its presence in the field of science at the world level only by fundamental thinking in its own language. On this occasion, the first woman of the University, Prof. Sunita Srivastava and ProVice-Chancellor Prof. Sushma Yadav were present and awarded the winners of various competitions organized under Wonders of Innovation held on 24th February.

Prof. Tankeshwar Kumar said that India celebrates today as National Science Day remembering the contribution of Nobel laureate Dr. CV Raman. To understand science, we must adopt that medium in which we are comfortable, whether it is a matter of language or the knowledge we get from ancient culture.

Prof. Sandeep Sahijpal threw light on the mysteries related to the universe in a very interesting way. He presented the continuous research in this field and its results and the possibilities of available research in front of the students. He explained how the Sun and other planets evolved and the knowledge behind the origin of life on them. On this occasion, he also presented solutions to the queries presented by the students. He said that science is never complete and after a new discovery, unlimited possibilities of research develop. That’s why you should always be ready to innovate. In this sequence, expert speaker Dr. Ellora Sen explained in detail about traditional treatment methods and how they have been prevalent in Indian Ayurveda. Mentioning liquor ice, she told to what extent it is beneficial for health and also shared the research results related to it. During the question answer session Dr. Ellora Sen said that according to the need we have to choose traditional remedies and modern remedies. At the end of the program, 113 winners from the schools, colleges and universities were awarded under the Idea of Innovation, Idea of New Startup, Best Out of Waste and Working Model competitions including speech, poster, painting, quiz competitions organized by the University. Program coordinator Prof. Rajesh Kumar Gupta said that more than 400 participants took part in these competitions under school and university category. At the end of the program Prof. Pawan

Kumar Maurya presented the vote of thanks. On this occasion Prof. NeelamSangwan, Prof. Sarika Sharma, Prof. Suneel Kumar, Prof. A.K. Yadav, Prof. GunjanGoyal and Prof. Surender Singh with a large number of students, researchers and teachers including were present.

### 2.10 हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

CUH, Mar 06, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव मुख्य अतिथि तथा मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पायल कंवर चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. हीना यादव विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. स्वाति ने सभी अतिथियों के स्वागत एवं परिचय के साथ हुई। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. हीना यादव ने एपीजे अब्दुल कलाम महिला छात्रावास में मासिक धर्म स्वच्छता और प्रजनन स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया और लड़कियों के साथ इससे जुड़े हर मुद्दे पर चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने छात्राओं को भविष्य के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया और कहा कि वे उनके अधिकारों के लिए सदैव उनके साथ हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो. पायल चंदेल भी महिला सुरक्षा और शक्ति पर अपना संबोधन दिया। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रेणु यादव ने बताया कि प्रकोष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से प्रजनन स्वास्थ्य पर व्याख्यानमाला का आयोजन कर रहा है। इसकी शुरुआत सोमवार को एपीजे अब्दुल कलाम महिला छात्रावास में विशेषज्ञ व्याख्यान के साथ हुई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रेणु यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्र में डॉ. मोना शर्मा, डॉ. रश्मि तंवर भी उपस्थित रहीं।

### International Women's Day celebrated at CUH

CUH, Mar 06, 2023

Women Empowerment Cell of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh celebrated the International Women Day. The program started with the lecture series given by doctors on Reproductive Health. The first lecture of the series is organized in the APJ Abdul Kalam Hostel with the theme "Adderssing Reproductive Health". While the expert for the lecture was Dr Heena Yadav, Medical officer CUH, the chief guest and guest of honour were Prof Sunita Srivastava, Dept. of Physics and Astrophysics Central University of Haryana, and Prof. Payal Chandel, Dept. of Psychology, Central University of Haryana, respectively. The event started with Dr. Swati's welcome address. In her lecture "Menstrual Hygiene and Reproductive Health", Dr. Heena discussed each and every issue with the participants. After the lecture the chief guest Prof. Sunita Srivastava addressed the gathering by motivating and encouraging the students for future and always standing for their rights. Then the guest of honour Prof. Payal Chandel also addresses the audience for women safety and strength. Dr Renu Yadav, convenor of WEC, summed up the program with vote of thanks. Dr Mona Sharma and Dr RashmiTanwer were also present the occasion.

### 2.11 हकेवि में विश्व हैप्पीनेस डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

CUH, Mar 22, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व हैप्पीनेस डे आयोजित किया गया। जीवन में

खुशी के महत्व को याद करने के इस दिवस पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। इस वर्ष दिवस का विषय बी माइंडफुल, बी ग्रेटफुल, और बी काइंड है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि आज की तनाव भरी जीवन शैली में इस दिवस का महत्त्व और अधिक बढ़ गया है।

विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. पायल कंवर चंदेल ने बताया कि विश्व हैप्पीनेस डे प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। पहला अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस मार्च 2013 में मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हैप्पीनेस क्षेत्र में किया गया। यह क्षेत्र विद्यार्थियों द्वारा डॉ. रितु शर्मा के मार्गदर्शन में बनाया गया। प्रो. वी.एन. यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विभाग के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने छात्रों ने भाग लिया। आयोजन में कार्यक्रम की आयोजक डॉ. रितु सहित विभाग के अन्य शिक्षकों डॉ. रवि प्रताप पांडे, डॉ विष्णु कुचेरिया ने भी कैसे मनोविज्ञान के विद्यार्थी दुनिया को खुशहाल बना सकते हैं विषय पर विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए।

### CUH organized program on the occasion of World Happiness Day

CUH, Mar 22, 2023

Haryana Central University (CUH), Mahendergarh, organized a program on the occasion of World Happiness Day, initiated by the Department of Psychology. In various activities held to commemorate the importance of happiness in life, students, researchers, and members of the department enthusiastically participated. This year's theme for the day was "Be Mindful, Be Grateful, and Be Kind." The Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar, emphasized the significance of this day in today's stressful lifestyle.

Prof. Payal Kanwar Chandel, the Head of the Department of Psychology, explained that World Happiness Day is celebrated every year on March 20th. The first International Day of Happiness was observed in March 2013. The program was organized in the field of happiness under the guidance of Dr. Ritu Sharma. Prof. V.N. Yadav mentioned that more than 120 students from the department participated in the program. The organizers of the event, including Dr. Ritu Sharma and other faculty members of the department such as Dr. Ravi Pratap Pandey and Dr. Vishnu Kucheria, shared their thoughts with the students on how psychology students can contribute to making the world a happier place.

## 3. Admissions

### 3.1 हकेवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

CUH, Mar 01, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्नातक पाठ्यक्रमों में सत्र 2023-24 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी) यूजी 2023 के अंतर्गत ये दाखिले होंगे और इस बार विश्वविद्यालय इस परीक्षा के आधार पर विभिन्न 12 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत है। विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 के अंतर्गत स्नातक स्तर पर बी.वॉक. के तीन, बी.टेक. के चार तथा इंटीग्रेटेड के चार तथा बी.एससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इनमें बी. वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट, बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज, बी.वॉक. इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट, बी.टेक. कम्प्यूटर साइंस एंड इजीनियरिंग, बी.टेक. इलेक्ट्रिकल इजीनियरिंग, बी. टेक. सिविल इंजीनियरिंग, बी.टेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग, इंटीग्रेटेड बी.एससी.एम.एससी रसायनविज्ञान, इंटीग्रेटेड बी.एससी.एम. एससी गणित, इंटीग्रेटेड बी.एससी.एम.एससी भौतिकी,बी.एससी (ऑनर्स) मनोविज्ञान व चार वर्षीय बीए.बीएड शामिल है। आवेदन के इच्छुक विद्यार्थी 12 मार्च 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन व इससे संबंधित विस्तृत जानकारी www-nta-ac-in]https%//cuet-samarth-ac-in/ पर उपलब्ध है।

### Admission process for UG courses started at CUH

CUH, Mar 01, 2023

The admission process for the session 2023-24 in undergraduate (UG) courses is going on in Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh through Common University Entrance Test (CUCET) UG 2023. CUH will provide admission in various 12 courses for Academic Session 2023-24. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University said that students desiring taking

admission in the new session are welcome. The University is striving for the all-round development of the students keeping in view the goal of the new National Education Policy.

At the graduation level for the session 2023-24 in the University three courses of B Voc., four for B.Tech., four for integrated and B.Sc (Hons) Psychology courses are available. Among them, B.Voc. Retail & Logistics Management, B.Voc. Biomedical Sciences, B.Voc. Industrial Waste Management, B.Tech. Computer Science & Engineering, B.Tech. Electrical Engineering, B.Tech. Civil Engineering, B.Tech. Printing and Packaging, Integrated B.Sc. M.Sc Chemistry, Integrated B.Sc. M.Sc Mathematics, Integrated B.Sc. M.Sc Physics, B.Sc (Hons) Psychology and four year BA. B.Ed. programs are included. Students wishing to apply can apply through online mode by 12 March 2023. The application and detailed information related to it is available at www.nta.ac.in,https://cuet.samarth.ac.in/

### 3.2 हकेवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

CUH, Mar 23, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2023-24 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी है। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2023 के अंतर्गत ये दाखिले होंगे और इस बार विश्वविद्यालय इस परीक्षा के आधार पर विभिन्न 40 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नए सत्र में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों का स्वागत है। विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय के 8 स्कूलों के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी आगामी 19 अप्रैल 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन व इससे संबंधित विस्तृत जानकारी www-cuet-nta-nic-in पर उपलब्ध है।

### Admission process in PG programmes started at CUH

CUH, Mar 23, 2023

The admission process for the session 2023-24 in Postgraduate (PG) programmesat Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh is going on. These admissions will be done under the Common University Entrance Test (CUET) (PG) 2023 and this time the University will provide admission in various 40 programmes on the basis of this exam. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University said that students willing taking admission in the new session are welcome. The University is striving for the all-round development of the students keeping in view the goal of the new National Education Policy. Under the session 2023-24, Diploma and Degree programmesare available in the University at postgraduate level, run by various departments available under 8 schools of the University. Students desirous of admission can apply through online medium till 19 April 2023. The application form and detailed information related to it is available on the website www.cuet.nta.nic.in

## 4. MoUs

### 4.1 मिलेट सुपरफूड के प्रचार-प्रसार में मिलकर काम करेंगे हकेवि व न्यूट्रीहब समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

CUH, Feb 03, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ और न्यूट्रीहब, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च (आईसीएआर), हैदराबाद ने शैक्षणिक व शोध गतिविधियों के संचालन हेतु साझेदारी की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य मिलेट से मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन और निर्माण में उन्नत तकनीक और अनुसंधान को क्रियान्वित करना है। इससे लाभार्थियों के पोषण विकास में मदद मिलेगी और आजीविका के नए आयामों में वृद्धि होगी। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी के साथ आगे बढ़ने की ओर कदम बढ़ाया

है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व न्यूट्रीहब के निदेशक प्रो. दयाकर राव के साथ-साथ शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, भौतिकी विभाग के प्रोफेसर सुनील कुमार व पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सविता बुधवार इस उल्लेखनीय प्रयास के साक्षी बने।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के बीच घनिष्ठ सहयोग में मददगार साबित होगा। यह समझौता ज्ञापन विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और राष्ट्रीय सेमिनार व कार्यशालाओं के आयोजन, ज्ञान, कौशल को साझा करने, संसाधन, अनुसंधान और ढांचागत सुविधाएंउपयोग आदि करने सहित संयुक्त पारस्परिक हित के अनुसंधान और अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा और मजबूत करेगा। यहां बता दें कि न्यूट्रीहब, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च (आईसीएआर), हैदराबाद मिलेट रिसर्च और विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में अग्रणी संस्थान है। इसी क्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षण व अनुसंधान के मोर्चे पर स्नातक, स्नातकोत्तर व विद्या वाचस्पति की उपाधि प्रदान करने वाला देश का प्रतिष्ठित संस्थान है। दोनों ही संस्थानों के संकाय सदस्य अनुसंधान व शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर पहचान रखते हैं।

न्यूट्रीहब के निदेशक डॉ. दयाकर राव ने कहा कि मिलेट कभी ग्रामीण भारत की पोषण संबंधी पहली पसंद हुआ करता था, जो अब शहरी उपभोक्ताओं के लिए सुपरफूड बन गया है। सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर, मिलेट जीवन शैली की कई समस्याओं और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली बीमारियों के समाधान के रूप में भी पहचाना जाता है। इस साझेदारी के माध्यम से, हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ, हमारा लक्ष्य सुपरफूड को भारतीय व्यंजनों में फिर से पेश करना, इसके उपयोग को बढ़ावा देते हुए उत्पाद निर्माण, कौशल विकास और नवाचारों के माध्यम से इस सुपरफूड का प्रचार-प्रसार करना है।

## CUH signed MoU with Nutrihub

CUH, Feb 03, 2023

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh and Nutrihub, Indian Institute of Millet Research, ICAR, Hyderabad have signed MoU on collaborative research and academic activities. Prof Tankeshawar Kumar expressed that this partnership aims at executing the advance technology and research in the production and formulation of value added products from millets and will enhance the livelihood of the beneficiary and hence contribute in wellbeing of the state and nation .The MoU between Nutrihub and Central University of Haryana was done on 24th January 2023 with Dr. Takneshwar Kumar, Vice-Chancellor and Prof Dayakar Rao, Director of Nutrihub, Prof. Neelam Sangwan Dean Research, Prof. Sunil Kumar, Registrar, Dr. Savita Budhwar, and Prof. Suneel Kumar. Prof Tankeshawar Kumar said that this MOU will facilitate a close cooperation and collaboration between both the institutions and will promote and strengthen research and academic activities of joint mutual interest including exchange of students, training and organizing national seminars/workshops, sharing of knowledge, skills resources, research and infrastructural facilities, etc.

# 5. Initiatives and Innovations

### 5.1 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी आज से

CUH, Jan 23, 2023





हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ परिसर में जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्तृता संघ, नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी मंगलवार 24 जनवरी से शुरू हो रही है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार करेंगे। विश्वविद्यालय के सेन्टर फोर इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन के प्रयासों से आयोजित इस

प्रदर्शन के विषय में सेंटर की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय आत्मनिर्भर भारत निर्माण अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न प्रयास कर रहा है। ऐसा ही एक प्रयास यह प्रदर्शनी भी है, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए मंत्र वोकल फोर लोकल को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी वस्तुओं को आमजन पहुँचाया जाता है। इस प्रदर्शनी का आयोजन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के दिशा-निर्देशन में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में स्थानीय किसानों द्वारा विभिन्न जैविक कृषि उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी देते हुए सेन्टर फोर इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन के श्री सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के वाई-फाई पार्क के नजदीक दो दिनों तक जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से चलने वाली इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय सहित स्थानीय लोग भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।

## Exhibition of indigenous products began at Central University of Haryana

CUH, Jan 23, 2023

In collaboration with the Khadi Gramodyog Karyakarta Sangh, Narnaul, a two-day exhibition of indigenous products is commencing at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh campus. The inauguration of this exhibition will be done by the Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar. Prof. Sunita Srivastava, Coordinator of the Center for Innovation and Incubation at the university, informed that the university is continuously making various efforts under the Atmanirbhar Bharat Abhiyan (Self-Reliant India Campaign). This exhibition is also one such effort, which aims to promote indigenous products to the general public, keeping in line with the Prime Minister's concept of "Vocal for Local". The exhibition is being organized under the guidance of Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar. He mentioned that the exhibition will also showcase various organic agricultural products by local farmers. Providing information about the exhibition, Mr. Sunil Kumar from the Center for Innovation and Incubation stated that the exhibition, in collaboration with the Khadi Gramodyog Karyakarta Sangh, Narnaul, will be held near the university's Wi-Fi Park for the next two days, allowing both the university community and local residents to explore the exhibition.

## 5.2 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023

CUH, Jan 27, 2023



अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 का छठा कार्यक्रम हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ में पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बाजरा आधारित व्यंजनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। यह प्रशिक्षण हरियाणा के चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में बाजरा के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा आयोजित किया गया था।प्रशिक्षण सत्र में विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों और अनुसंधान विद्वानों ने भाग लिया। कुल 28 छात्रों ने प्रसंस्करण इकाई का दौरा किया और केक, बिस्कुट आदि बनाने की विधि सीखी। केंद्र की सहायक प्रोफेसर डॉ. वीनू सांगवान ने रेसिपी निर्माण के बारे में विस्तार से बताया और विभिन्न बाजरा आधारित की तैयारी में शामिल विभिन्न चरणों के महत्व को समझाया।

## International Year of Millets 2023 at CUH

CUH, Jan 27, 2023

Sixth event of International Year of Millets-2023 was organized by Department of Nutrition Biology at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh under the guidance and mentorship of Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the University. The event was aimed to give hands on training of millet based recipes for the students, faculty and staff. The training was conducted by experts of Center of Excellence on Processing and Value Addition of Pearl millet at Choudhary Charan Singh Agricultural University of Haryana, Hisar. The post graduate students and research scholars of the department attended the training session. A total of 28 students visited the processing unit and learnt the methodology of making cake, biscuits etc. Dr.Veenu Sangwan, Assistant

Professor of the Center elaborated on the recipe formulation and explained the importance of various steps involved in the preparation of various millet based food products. The event was concluded with a vote of thanks to Dr.Veenu Sangwan and Dr.Sangeeta Chahal Sindhu HoD and Associate Professor of the department, Prof. Dr. Manju Mehta, Dean College of Home Science and Prof. Asha Kawatra by Prof. Kanti Prakash Sharma.

### 5.3 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

CUH, Feb 06, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार 07 फरवरी 2023 को आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के सहयोग से विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई व यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा आठवां मेगा रक्तदान शिविर मंगलवार का आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोध ार्थी, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन भी स्वैच्छा से रक्तदान कर सकते हैं।

## Blood Donation Camp at Central University of Haryana

CUH, Feb 06, 2023

The eighth Blood Donation Camp is being organized at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Tuesday, February 07, 2023. The Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar, will inaugurate the Blood Donation Camp. Prof. Dinesh Chahal, the coordinator of the National Service Scheme (NSS) unit of the university, informed that the mega Blood Donation Camp is being organized in collaboration with the Indian Red Cross Society, New Delhi, and the NSS unit and Youth Red Cross unit of the university.

He mentioned that the Blood Donation Camp will be held from 10 am to 2 pm at the university's Health Center. In addition to the students, researchers, faculty, and staff of the university, the general public can also voluntarily participate in blood donation during this camp.

### 5.4 जीवित रहने की संभावनाओं को बढ़ाता है प्राथमिक उपचारः प्रो. टंकेश्वर कुमार

CUH, Feb 06, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से स्वयंसेवकों को दैनिक जीवन में प्राथमिक चिकित्सा के महत्त्व से अवगत कराते हुए कहा कि आपात स्थिति के बारे में कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता। ऐसी स्थिति में प्राथमिक उपचार तत्काल राहत के लिए सबसे अच्छा उपाय है जो जीवित रहने की संभावना को बढ़ाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को आपात स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

साप्ताहिक शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप ने प्रतिभागी स्वयंसेवकों को योग के लाभों से अवगत कराया और बताया कि योग हर तरह के रोग से छुटाकारा दिलाने का एक कारगर उपाय है। नियमित योगाभ्यास से कई तरह की बीमारियों

से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके पश्चात शिविर के अगले सत्र में एनएसएस कॉर्डिनेटर प्रो. दिनेश चहल ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर स्वयंसेवकों की जानकारी स्वयंसेवकों के साथ साझा की। इस अवसर पर गांव जांट के सहयोग से स्वयंसेवकों ने पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप-एससी और बीसी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, आयुष्मान भारत-हरियाणा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुधन योजना, उजाला योजना, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, कौशल विकास मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का सर्वेक्षण किया और विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र की गई 700 से अधिक सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं के साथ एक रिपोर्ट एनएसएस अधिकारी डॉ. रेणु यादव और डॉ. प्रदीप को सौंपी। सायंकाल में स्वयंसेवकों ने कैंसर एवं एचआईवी एड्स जागरूकता विषय पर स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

इसी क्रम में शिविर के पांचवें दिन प्रातःकाल एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप और डॉ. रेणु यादव ने नियमित योग सत्र द्वारा स्वस्थ हृदय और सकारात्मक मस्तिष्क स्वास्थ्य बनाए रखने के टिप्स स्वयंसेवकों से साझा किए। इसके पश्चात इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, नई दिल्ली और यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से श्री टेक चंद यादव सत्र में शामिल हुए और महिला स्वयंसेवकों को होम नर्सिंग पर और पुरुष स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण का दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों के समक्ष कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन, उन्होंने सड़क दुर्घटना, बिजली का झटका, डूबना, सांप के काटने, दिल का दौरा पड़ने जैसी आपातकालीन स्थितियों में जीवन को बचाने के तरीकों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया।

## "Primary treatment enhances the chances of survival: Prof. Tankeshwar Kumar

Training is being provided to volunteers through the NSS camp in CUH, Feb 06, 2023. Haryana Central University (CUH), Mahendergarh is conducting a seven-day NSS camp where volunteers are being trained through various activities. In his message, the Vice-Chancellor of the university, Prof. Tankeshwar Kumar, made the volunteers aware of the importance of primary healthcare in daily life, stating that no one can predict an emergency situation. In such situations, immediate primary treatment is the best solution that increases the chances of survival. He encouraged the volunteers to always be prepared to deal with emergencies.

The fourth day of the weekly camp began with a yoga session, conducted by Dr. Pradeep, an NSS official of the university. He acquainted the participating volunteers with the benefits of yoga and explained that yoga is an effective way to get rid of various diseases. Regular practice of yoga can provide relief from many types of ailments. In the next session of the camp, NSS Coordinator Prof. Dinesh Chahal shared information about various schemes for rural development initiated by the Department of Rural Development. With the help of village Jant, the volunteers conducted a survey of schemes such as Post Matric Scholarship-SC/ST, Pradhan Mantri Awas Yojana-Gramin, Ayushman Bharat-Haryana, Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, Pashu Dhan Yojana, Ujala Yojana, PM Jeevan Suraksha Bima Yojana, Sukanya Samriddhi Yojana, Kaushal Vikas Mission, Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana, and National Means Cum Merit Scholarship. They compiled a report with more than 700 survey responses collected by university volunteers, which was presented to NSS officials Dr. Renu Yadav and Dr. Pradeep. In the evening session, the volunteers participated in a slogan writing and poster-making competition on cancer and HIV/AIDS awareness.

Continuing in the same sequence, on the fifth day of the camp, Dr. Pradeep and Dr. Renu Yadav shared tips with the volunteers for maintaining a healthy heart and positive mental health through regular yoga sessions. Following this, with the support of the Indian Red Cross Society, New Delhi, and Youth Red Cross Society, Mr. Tek Chand Yadav provided home nursing training to female volunteers and primary healthcare training to male volunteers. He made the participants aware of life-saving techniques in emergency situations such as cardiopulmonary resuscitation (CPR), road accidents, electric shocks, drowning, snake bites, and heart attacks. In the next session, NSS Coordinator Prof. Dinesh Chahal, along with Mr. Tek Chand Yadav, provided primary healthcare training to the villagers in Jant village, emphasizing how lives can be saved in emergency situations.

## 5.5 हकेवि महिला छात्रावास में वाईफाई सेवा का कुलपति ने किया शुभारंभ

CUH, Feb 09, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में नवनिर्मित महिला छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को अध्ययन व शोध कार्यों हेतु आवश्यक इंटरनेट की सुगम सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गुरूवार को असीमा चटर्जी महिला छात्रावास स्थित वार्डन कार्यालय में वाईफाई सुविधा की विधिवत शुरूआत की। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि यह सुविधा छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को निःशुल्क प्रदान की जाएगी और वे विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध वाईफाई सुविधा की तरह ही इस सेवा का लाभ भी उठा सकती हैं।

उद्घाटन के अवसर पर सूचना एवं सम्प्रेषण अनुभाग (आईसीटी) के प्रमुख डॉ. राकेश धीमान ने बताया कि इस सेवा के अंतर्गत दोनों छात्रावासों में रहने वाली छात्राएँ इस सुविधा का लाभ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंडों में सक्रिय वाईफाई सुविधा की तरह की कर पाएंगी। इसके लिए विशेष रूप से छात्रावास परिसर में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. राकेश धीमान ने कहा कि इस कार्य की सफलता में आईसीटी के सहयोगियों विशेषकर अमित कुमार व संजय का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा।

### Vice Chancellor inaugurated WiFi facility in CUH Girls Hostel

CUH, Feb 09, 2023

With the aim of providing easy access to the necessary internet facility for study and research work to the girl students living in the newly constructed women's hostel at Central University of Haryana (CUH) Mahendergarh, the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar formally inaugurated the Wi-Fi facility at the Warden's Office at Asima Chatterjee Women's Hostel on Thursday. Speaking on the occasion, the Vice Chancellor said that this facility would be provided free of cost to the girl students living in the hostel and they can also avail this service just like the Wi-Fi facility available in the university campus.

Dr. Rakesh Dhiman, Incharge, ICT said that under this service the girls students living in both the hostels will be able to take advantage of this facility like active WiFi facility in the academic blocks of the University. For this, state-of-the-art equipment has been specially installed in the hostel premises. Expressing gratitude to the Vice-Chancellor, Dr. Rakesh Dhiman said that the contribution of ICT colleagues especially Amit Kumar and Sanjay was important in the success of this work.

## 5.6 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुरू हुआ इलेक्ट्रिक व्हिकल चार्जिंग स्टेशन

CUH, Feb 10, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में जिले का अपनी तरह का पहला सौर ऊर्जा से संचालित इलेक्ट्रिक व्हिकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन शुरू किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली के द्वारा प्रदान स्टार्टआप ग्रांट के अंतर्गत स्थापित इस चार्जिंग स्टेशन पर एक समय में तीन वाहन चार्ज किए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुक्रवार को इस स्टेशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ व इसक आसपास के इलाकों में उपलब्ध इलेक्ट्रिक व्हिकल्स के लिए आवश्यक चार्जिंग की यह सुविधा विश्वविद्यालय में आज से ही उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध इस सुविधा का लाभ उठा सकता है। इतना ही नहीं कुलपति ने इस सुविधा के अंतर्गत उपलब्ध होने वाली ऊर्जा के प्रति यूनिट खर्च के संबंध में कहा कि यह बाजार की अपेक्षा काफी सस्ता है।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. राजेश कुमार दुबे ने बताया कि यह स्टेशन पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर केंद्रित है और संभवतः यह जिले का अपनी तरह का पहला सोलर एनर्जी पर केंद्रित चार्जिंग स्टेशन है। यूजीसी की स्टार्टअप ग्रांट के अंतर्गत मिले 'सोलर बेस्ड चार्जिंग स्टेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हिकल्स फॉर सीयूएच कैम्पस' प्रोजेक्ट की प्रमुख इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग मेंसहायक आचार्य डॉ. कल्पना चौहान ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थी व शोधार्थी लाभांवित होंगे। डॉ. कल्पना चौहान व शोध सहयोगी रजत यादव ने बताया कि यह चार्जिंग प्वाइंट पूरी तरह से ईवी फास्ट ऐप के माध्यम से कार्य करेगा। कोई भी इच्छुक इस ऐप की मदद से इस सुविधा का लाभ उठा सकता है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से ही चार्जिंग स्टेशन पर चार्जिंग की सुविधा और उसके एवज में होने वाला भुगतान संभव होगा। कोई भी इच्छुक विश्वविद्यालय आकर इस सुविधा का लाभ उठा सकता है। जहां तक प्रति यूनिट आने वाले खर्च की बात है तो विश्वविद्यालय में 7 रूपए 50 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान करना होगा।

## Electric vehicle charging station started in Central University of Haryana

CUH, Feb 10, 2023

A first of its kind solar powered Electric Vehicle (EV) charging station has been started at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Three vehicles can be charged at a time at this charging station set up under the Startup Grant provided by the University Grants Commission (UGC), New Delhi. While inaugurating this station the Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that this facility of charging required for electric vehicles running in Mahendergarh and its surrounding areas is available in the University from today itself. Anyone can use this facility available in the University campus.

Dr. Rajesh Kumar Dubey, Head of the Department of Electrical Engineering said that this station is completely based on solar energy and it is probably the first of its kind in the district. Dr. Kalpana Chauhan, Project Investigator, Assistant Professor, Department of Electrical Engineering and Rajat Yadav, Research Associate of this project of UGC's Startup Grant told that this charging station will work completely through EVFast App. Any aspirant can avail this facility with the help of this app. She told that only through this app, the facility of charging at the charging station and the payment for the same would be possible. Any person can avail this facility by visiting the University. As far as the cost per unit is concerned, the University will have to be paid Rs 7.50 per unit.

## 5.7 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने ओपन एक्सेस पॉलिसी जारी की

CUH, Feb 11, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन (सीआईआई) द्वारा आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन के कुलपति प्रो. आर. के. गुप्ता व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ओपन एक्सेस पॉलिसी का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रो. आर.के. गुप्ता ने विश्वविद्यालय में बेहतर अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए नीतिगत पहल के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रयासों की सराहना की।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि ओपन एक्सेस प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और ओपन एक्सेस पब्लिशिंग के प्रति हमारे दृष्टिकोण को और मजबूत करने की दिशा में यह हमारा प्रारंभिक कदम है। आई.जी.आई.डी.आर, आई.सी.ए.आर, ओ.पी.जे.जी. विश्वविद्यालय, जे.एन.यू के विशेषज्ञ और हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के समर्थन और मदद के साथ नीति तैयार की गई थी। केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा तैयार की गयी नीति को कार्यान्वयन के लिए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है।

## Central University of Haryana implemented Open Access Policy

CUH, Feb 11, 2023

Prof. R.K. Gupta, Vice Chancellor of Maharaja Agrasen University released the 'Open Access Policy of Central University of Haryana' during the expert lecture organized by Centre for Innovation and Incubation (CII). He appreciated the efforts of Prof. Tankeshwar Kumar for the policy initiatives for building a better research eco-system in the University.

Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor, Central University of Hayrana said, "This is our initial step towards creating awareness about open access practices and further strengthening

our approach towards open access publishing". The policy was prepared by Central Library with the support and expert inputs from IGIDR, ICAR, OPJG University, JNU and the faculty members of Central University of Haryana. The policy was approved by the Academic Council of the University for implementation.

### 5.8 हकेवि में स्कूल लीडर्स व सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसीपल्स के साथ संवाद आयोजित

CUH, Feb 13, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलतम क्रियान्वयन हेतु स्कूल लीडर्स व सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसीपल्स के साथ दो दिवसीय विशेष संवाद कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्षित उद्देश्यों की पूर्ति में निर्णायक बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रारम्भिक क्रियान्वयन स्कूली स्तर से संभव है और इस प्रयास में स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच आपसी साझेदारी उल्लेखनीय परिणाम प्रदान करेगी।

शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयोजन में सम्मिलित 30 से अधिक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्धता प्राप्त स्कूलों के प्रिंसीपल्स सराहना के योग्य है, जो उन्होंने आपसी साझेदारी के इस प्रयास में सक्रिय रूप से सम्मिलि होने में रूचि दिखाई। इसी क्रम में इस दो दिवसीय आयोजन के संयोजक प्रो. नंद किशोर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला और उसमें उपलब्ध भारतीय और भारतीयता का उल्लेख करते हुए उसके सफलतम क्रियान्वयन के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का भी उल्लेख किया। आयोजन में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में इस आयोजन को प्रारम्भिक शिक्षा व उच्च शिक्षा के बीच आपसी समन्वय व सहयोग का एक माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि स्कूली स्तर पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से ही इसके मूल उद्देश्यों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। स्किल एजुकेशन, वोकेशनल एजुकेशन का उल्लेख करते हुए कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर हम देख रहे हैं कि वोकेशनल एजुकेशन के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सौ फीसद रोजगार के लक्ष्य को सहज प्राप्त किया जा रहा है। हमारी शिक्षा नीति भी इसी उद्देश्य की पक्षधर है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के मोर्चे पर भी सबल बने।

### Two-day visit of school leaders and CBSE schools' principals organized at CUH

CUH, Feb 13, 2023

A two-day special program with school leaders and principals of CBSE schools for the successful implementation of the new National Education Policy (NEP) by the Department of Teacher Education, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh was inaugurated on Monday. Prof. Tankeshwar Kumar,Vice Chancellor of the University said that the initial implementation of the National Education Policy is possible from the school level and in this effort mutual cooperation and partnership between schools and higher educational institutions will deliver remarkable results.

Prof. Sarika Sharma, Dean, School of Education, highlighted the importance of the event. She said that the principals of more than 30 Central Board of Secondary Education (CBSE) affiliated schools participating in the event deserve appreciation for their interest in being actively involved in this endeavor of mutual partnership. In this sequence, the coordinator of this two-day event, Prof. Nand Kishore presented the outline of the program and highlighted the various aspects of the new National Education Policy. The chief guest of the event Prof. Tankeshwar Kumar, in his address, described this event as a means of mutual coordination and cooperation between school education and higher education. Referring to skill education, vocational education, the Vice-Chancellor said that at the University level, we are seeing that through vocational education, the target of 100 percent employment for students is being easily achieved.

### 5.9 दवाओं के उचित उपयोग के लिए हकेवि ने किया ग्रामीणों को जागरूक

CUH, Feb 17, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ द्वारा शुक्रवार को दवाओं के उपयोग, दुरुपयोग और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के प्रति स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय के उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के अंतर्गत औषधि विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को दवाओं के उचित उपयोग के बारे में संवेदनशील और जागरूक किया गया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना प्रमुख रहीं।

उन्नत भारत अभियान के संयोजक व विश्वविद्यालय सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग के प्रो. विकास बेनीवाल ने बताया कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजिज स्टडी (जीडीबी) के अनुसार भारत स्वास्थ्य देखभाल सूचकांक में शामिल 195 देशों में 154वें स्थान पर है। इसलिए, हमारे देश के स्वास्थ्य देखभाल सूचकांक में सुधार के लिए डॉक्टर के पर्चे के अनुपालन में दवाओं के उचित उपयोग की आवश्यकता है। कार्यक्रम की शुरुआत में संगठन सचिव एवं औषधि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात प्रो. विकास बेनीवाल ने ग्रामीण विकास के सन्दर्भ में यूबीए के मिशन तथा विश्वविद्यालय द्वारा गाँवों के उत्थान के लिए जारी प्रयासों का उल्लेख किया।

### CUH organized Social Outreach Programme at Village Jant

CUH, Feb 17, 2023

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh organized social outreach programme on “Use and Misuse of Medicines & PradhnaMantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana” under UNNAT BHARAT ABHIYAN (UBA) in collaboration with Department of Pharmaceutical Sciences for creating awareness among the villagers on 17th February 2023. The purpose of organizing this event was to sensitize and aware the villagers about the proper use of medicines. According to the global burden of disease study (GBD) India ranks 154th among 195 countries in the health care index. So, the proper use of medicines in compliance with doctor prescription is highly required to improve the health care index of our country. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University graced the event and addressed the gathering. He highlighted various central govt. schemes related to health sector such as PradhnaMantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana, Ayushman Bharat Yojana, Pradhan Mantri Suraksha BimaYojana and Central Government Health Scheme (CGHS).

The event was started with a welcome address by Dr. Sumit Kumar (Organizing secretary & Assistant Professor, Department of Pharmaceutical Sciences). After that, Prof. Vikas Beniwal, (Professor, Department of Microbiology and Convener UBA) addressed the gathering and emphasized on the mission of UBA in context to rural development and the initiatives taken by the university for the upliftment of villages adopted by the university. Dr. Dinesh kumar (Convener and Head, Department of Pharmaceutical Science) delivered an expert talk on Use and misuse of medicine. He also emphasised on aims and objectives of PradhnaMantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana. At the end of the programme Sarpanch of Jant village Ms. Kirti and villagers gave special thanks to the Hon’ble Vice-Chancellor for sparing time for the programme.

### 5.10 हकेवि में होगी अब चार वर्षीय बीए.बी.एड. की पढ़ाई

CUH, Feb 20, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ अब चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए.बीएड. की पढ़ाई भी कराएगा। विश्वविद्यालय में शिक्षक शिक्षा विभाग के अंतर्गत इस पाठ्यक्रम को चलाने की राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), नई दिल्ली ने मंजूरी दे दी है। यह पाठ्यक्रम ऐसे विद्यार्थियों के लिए है जो शिक्षण

के क्षेत्र में भविष्य निर्माण की चाह रखते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस नए कोर्स की शुरूआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विशेष रूप से प्रशिक्षित की युवाओं की माँग को पूरा करने में यह पाठ्यक्रम निर्णायक भूमिका निभाएगा। यह पाठ्यक्रम रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध कराने वाला है और विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की शुरुआत अवश्य ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति में मददगार होगी।

कुलपति ने इस पाठ्यक्रम को एनसीटीई से मिली मंजूरी के विषय में कहा कि यह पाठ्यक्रम शिक्षण-प्रशिक्षण का कार्य व्यावहारिक व वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप् करेगा। विश्वविद्यालय में यह पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023-24 सेउपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में कुलपति ने शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा सहित सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि एनसीटीई द्वारा इस संबंध में नवंबर, 2022 में निरीक्षण किया गया था। विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत 50 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और सत्र 2023-24 में इस कोर्स में दाखिले होंगे। इस उपलब्धि के बाद प्रो. सारिका शर्मा ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार का आभार व्यक्त किया और विभाग के शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की।

## Integrated B.A. B.Ed. Programme got NCTE approval

CUH, Feb 20, 2023

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh will now offer the flagship programme named as Integrated Teacher Education Programme B.A. B.Ed. course for the youth who wish to build a future in the field of teaching. The Department of Teacher Education under the School of Education of the University has been given approval by the **National Council for Teacher Education (NCTE),** New Delhi to conduct the **B.A. B.Ed. course.** The Vice-Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar described this course important for the availability of trained youth in this field as per the guidelines of NEP 2020, keeping in view the demand for specialists and professionals in the field of teaching and consequently increasing employment prospects. The approval has opened the path of starting the course from 2023-24 session itself. Prof. Sarika Sharma, Head of the Department of Teacher Education informed that inspection was made by NCTE in the month of November, 2022 and approval has been given for starting the course with 50 seats. She informed that the process of admission to this course would be started soon and the course will start in the session 2023-24.

## 5.11 हकेवि में हुई कोडिंग क्लब की शुरुआत -मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय सूचना आयुक्त श्री सुरेश चंद्र

CUH, Feb 27, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में तकनीक के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अब विद्यार्थियों के बीच तकनीकी के विकास हेतु कोडिंग क्लब की शुरुआत की गई है। विश्वविद्यालय में सोमवार को इस क्लब का शुभारंभ केंद्रीय सूचना आयुक्त श्री सुरेश चंद्र के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व वस्त्र मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री अजय गुप्ता ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुरेश चंद्र ने सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में तकनीक के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला और भारतीय इतिहास में विज्ञान के पुरातन पक्षों से अवगत कराया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी व गर्व की बात है कि आज औपचारिक रूप से विश्वविद्यालय स्तर पर कोडिंग क्लब की शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि आज का समय सूचना तकनीक का समय है और युवाओं के लिए रोजगार के विकल्प विकसित करने हेतु इस महत्त्वपूर्ण पक्ष को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। आज के समय में देखें तो शायद ही मानव

जीवन का कोई पक्ष सूचना तकनीकी के प्रभाव से अछूता रहा है। बाद चाहे आपकी दैनिक आवश्यकताओं की हो या फिर शिक्षा, शोध व अनुसंधान की। हर क्षेत्र में कोडिंग का योगदान है। उन्होंने कहा कि यह क्लब अवश्य ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को तकनीक के स्तर पर आ रहे बदलावों को जानने समझने और नए बदलावों के लिए खुद को तैयार करने में मददगार होगा। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कोडिंग क्लब की परिकल्पना को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही यह क्लब विश्वविद्यालय के कुलपति की आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य करेगा। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि आज हो रही शुरुआत के लिए लंबे समय से तैयारी की जा रही थी। यकीनन यह क्लब बदलते वक्त की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों को कोडिंग से जुड़े विभिन्न पक्षों को समझने में मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री अजय गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में जीवन में तकनीक और तकनीक के लिए कोडिंग आवश्यक है। नित नए तकनीकी बदलावों को हम कोडिंग के क्षेत्र में लगातार हो रहे प्रयासों का नतीजा कह सकते हैं। समूचा विश्व इस सूचना तकनीकी के प्रभाव को अपना रहा है। भारत भी इस दिशा में जोर-शोर से जुटा है। यकीनन आज के समय में विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सूचना तकनीक का उपयोग महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वविद्यालय में कोडिंग क्लब की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस प्रयास के साथ सदैव खड़े हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुरेश चंद्र ने अपने संबोधन में भारत की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था व अमृतकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि अब हम उस स्थिति में है जबकि हम अपनी युवा शक्ति के बूते विश्व में एक महाशक्ति के रूप में पहचान बनाने जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में कोडिंग क्लब के संयोजक डॉ. सुनील कुमार ने गणमान्यजनों की उपस्थिति में कोडिंग क्लब का औपचारिक उद्घाटन कराया। आयोजन के अंत के क्लब की ओर से विभिन्न स्तर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केशव रावत ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. नितिन गोयल, डॉ. बिनय कुमार रे, डॉ. प्रीति मारथा की भूमिका अहम रही।

## Coding Club launched at CUH

CUH, Feb 27, 2023

In view of the increasing impact of technology, Central University of Haryana, Mahendergarh, started its coding club for the development of technology among the students. This club was launched in the university on 27.02.2023 by Central Information Commissioner, Mr. Suresh Chandra. On this occasion, the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, the first woman of the University, Prof. Sunita Srivastava, Registrar Prof. Sunil Kumar and Joint Secretary in the Ministry of Textiles Mr. Ajay Gupta joined through online medium. The chief guest Mr. Suresh Chandra threw light on the increasing use of technology in the era of information technology and informed about the ancient aspects of science in Indian history.

The program started with the lighting of the lamp, organized in the mini auditorium located in the academic block of the university. After this, the Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar said that it is a matter of pleasure and pride for us that today the coding club has formally started at the university level and it will definitely help the students of the university to know and understand the changes coming at the level of technology and to prepare themselves for the new changes.

Special guest in the program Mr. Ajay Gupta said that in today's era coding is necessary for technology. The chief guest in the program, Mr. Suresh Chandra, in his address, mentioning India's fast developing economy and Amritkal, said that now we are in a situation where we are going to be recognized as a superpower in the world with the help of our youth power. He called the changes taking place at the level of information technology important and said that India has been prosperous in this field not from today but since ancient times. Studies in Indian Astronomy, Astrology, Ayurveda and Yoga give evidence that we have been prosperous on the front of science. At the end of the program, Dr. Sunil Kumar, Coordinator of the Coding Club, formally inaugurated the Coding Club in the presence of dignitaries. At the end of the event, the participants were rewarded at various levels by the club. The vote of thanks in the program was presented by Dr. Keshav Rawat, Head of the Department of Computer Science and Informatics. The role of Dr. Nitin Goyal, Dr. Binay Kumar Ray, Dr. Preeti Martha was important in the successful organization of this program.

## 5.12 हकेवि ने किया सामाजिक आउटरीच गतिविधि का आयोजन

CUH, Mar 01, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ द्वारा बुधवार को सामाजिक आउटरीच गतिविधि के अंतर्गत मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के औषध विज्ञान विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय स्कूली छात्राओं को जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से किशोरियों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए औषधि विज्ञान विभाग और स्वास्थ्य केंद्र की सराहना की।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता व शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाजोपयोगी हैं और विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। विश्वविद्यालय के औषध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली में प्रधानाचार्य डॉ. आई.सी. शर्मा ने विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. तरुण कुमार, डॉ. मनीषा पांडे, डॉ. रजत यादव, डॉ. हीना यादव एवं डॉ. नीलम यादव के प्रयासों से किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हीना यादव और डॉ. मनीषा पांडे स्कूली लड़कियों को मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। इस आयोजन से स्कूल की लगभग 60 छात्राएं और महिला कर्मचारी लाभान्वित हुईं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम में औषध विज्ञान विभाग के शोधार्थी जितेन सिंह, रचना यादव एवं रक्षा ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर गांव के पंच श्री अनिल शर्मा और श्रीमती पूजा सहित विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## A social outreach activity on "Menstrual Health and Hygiene" conducted at CUH

CUH, Mar 01, 2023

A social outreach activity on "Menstrual Health and Hygiene" was organized on Wednesday by the Department of Pharmaceutical Sciences, School of Interdisciplinary and Applied Sciences in collaboration with University Heath Center at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Prof. Tankeshwar Kumar, VC of the University, emphasized the importance of Health and hygiene in adolescent girls. He appreciated the initiative taken by the Department of Pharmaceutical Sciences and Heath Center to conduct such a program.

Prof. Neelam Sangwan, Chairperson of the event, Dean SIAS, and Dean Research, informed that such social outreach activity would also be conducted in the future in order to give an opportunity to school students to interact with eminent resource persons from university. Dr. Dinesh Kumar, Head, and Convener of the event, described the need of awareness about Menstrual Health and Hygiene. The activity was organized at Govt. Sr. Sec. School, Pali with the help of Dr. I. C. Sharma, Principal of the Govt. Sr. Sec. School. Village Pali is adopted by the Central University of Haryana.

Dr. Tarun Kumar, Dr. Manisha Pandey, Dr. Rajat Yadav, Dr. Heena Yadav and Dr. Neelam Yadav were the organizers of the event. Dr. Heena Yadav and Dr. Manisha Pandey educated the school girls about Menstrual Health and Hygiene. Around 60 girls students and female staff of the school got benefited from this event. Additionally, 100 sanitary napkins have been donated by Central University of Haryana. Panches of the village Shri Anil Sharma Ji and Smt. Pooja Jiwere were also present at this event.

# 6. Research & Publications

## 6.1 कुलपति ने किया नॉवेल थेरप्यूटिक अप्रोचेस टारगेटिंग ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पुस्तक का विमोचन

CUH, Jan 10, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के जैवरसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. पवन कुमार मौर्य व गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के जैवरसायन विज्ञान विभाग के डॉ. इम्तियाज कमर द्वारा संपादित पुस्तक नॉवेल थेरप्यूटिक अप्रोचेस टारगेटिंग ऑक्सीडेटिवस्ट्रेस का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। पुस्तक के संपादकों की प्रशंसा करते हुए प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह पुस्तक ऑक्सीटेटिव स्ट्रेस के क्षेत्र में काम कर रहे अकादमिक पेशेवरों के लिए के लिए काफी प्रासंगिक है। पुस्तक की पहली प्रति प्रो. टंकेश्वर कुमार को भेंट करते हुए, पुस्तक के संपादक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक विभिन्न रोगों में ऑक्सीडेटिव तनाव की भूमिका को कवर करती है और साथ ही उपचार व निदान हेतु ऑक्सीडेटिव तनाव को लक्षित करने के लिए नवीनतम तरीकों और दृष्टिकोणों की पड़ताल भी करती है। इस अवसर पर प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. संजीव कुमार एवं डॉ. विकास कुमार भी उपस्थित रहे।

## Book *Novel Therapeutic Approaches Targeting Oxidative Stress* released by Prof. Tankeshwar Kumar

CUH, Jan 10, 2023

The book *Novel Therapeutic Approaches Targeting Oxidative Stress* (published by Academic Press Inc.) edited by Prof. Pawan Kumar Maurya, Head, Department of Biochemistry, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh and Dr.ImteyazQamarof School of biotechnology, GautamBuddha University was released by Prof.Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor of the Central University of Haryana. While complimenting the editors, Prof. Tankeshwar Kumar remarked that the book quite relevant for the academic professionals working in the area of oxidative stress. While presenting the first copy of the book to Prof. Tankeshwar Kumar, the editor Prof. Pawan Kumar Maurya observed that this book covers the role of oxidative stress in various diseases and explores the latest methods and approaches to target oxidative stress for treatment and diagnosis. On this occasion, Prof. Sunil Kumar, Prof. Sunita Srivastava, Prof. Sarika Sharma, Prof. Sanjiv Kumar, and Dr.Vikas Kumar were also present.

## 6.2 मलेरिया के उपचार हेतु शोध के लिए मिला अनुदान

CUH, Feb 01, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के जैवरसायन विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. मुलाका मारूथी को मलेरिया परजीवियों द्वारा एक्सोसोम स्राव के आधार पर मलेरिया के इलाज पर शोध करने के लिए अनुदान स्वीकृत हुआ है। इस अनुदान के अंतर्गत जैवरसायन विज्ञान विभाग में एक उन्नत मलेरिया अनुसंधान प्रयोगशाला विकसित की जाएगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि के लिए युवा अन्वेषक डॉ. मुलाका मारुथी को बधाई दी।

विश्वविद्यालय को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग-विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (डीएसटी-एसईआरबी) द्वारा इस शोध कार्य हेतु लगभग 35 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान व जैव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार मौर्य ने डॉ. मुलाका मारूथी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि अवश्य ही वे इस शोध परियोजना के माध्यम से जन-हितैषी परिणाम अर्जित करेंगे।

## Funding approved for research on exosome-based treatment for Malaria

CUH, Feb 01, 2023

Funding has been approved for carrying out research on Malaria treatment based on exosome secretion by malaria parasites. The young investigator, Dr. Mulaka Maruthi from the Department of Biochemistry, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh has received

grant approval from Department of Science and Technology- Science and Engineering Research Board (DST-SERB) for an amount approximately 35 lakh Rupees. It's a booster for the malaria research at Central University of Haryana. An advanced malaria research laboratory will be developed at the Department of Biochemistry. Honorable Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar, Dean Research Prof. Neelam Sangwan, and Head of the Biochemistry Department Prof. Pawan Kumar Maurya congratulated Dr. Maruthi for securing the funding for research.

## 7. Invited Lectures

### 7.1 हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

CUH, Jan 04, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च डेवलपमेंट सेल के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। बायोरिफाइनरीज में सेल्युलोसिक शुगर का बड़े पैमाने पर उत्पादनः चुनौतियां और परिप्रेक्ष्य विषय पर केंद्रित इस व्याख्यान में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी), ब्राजील के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार चंदेल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी, शोधार्थी लाभांवित होंगे।

विशेषज्ञ डॉ. अनुज कुमार चंदेल ने सरकुलर कार्बन इकोनोमी दृष्टिकोण के माध्यम से बायोएथेनॉल और मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोरिफाइनरीज पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान और आगामी बायोरिफाइनरी प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और आर्थिक चिंताओं से संबंधित चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी चर्चा की। सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. सुरेंद्र ने अपने संबोधन में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की डीन, अनुसंधान विकास सेल की निदेशक व शोध अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने अपने संबोधन में सतत विकास के लिए बायोरिफाइनरी विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ की सराहना की। विभाग द्वारा आयोजित इस विशेषज्ञ व्याख्यान के आयोजन सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी थे और इस व्याख्यान के सफल आयोजन में प्रो. गुंजन गोयल, डॉ. अविजीत और डॉ. विनोद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के अंत में प्रो. विकास बेनीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कांति प्रकाश, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अनीता कुमारी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### Expert Lecture Organised in CUH

CUH, Jan 04, 2023

Department of Microbiology, School of Interdisciplinary & Applied Sciences (SIAS) in association with Research Development Cell, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh organized an expert lecture on 'Large Scale Production of Cellulosic Sugar in Biorefineries: Challenges and Perspectives'. The lecture was delivered by the invited expert Dr. Anuj Kumar Chandel, who is working as a Professor at Department of Biotechnology, Engineering School of Lorena (EEL), University of São Paulo (USP), Brazil. The lecture focused on the lignocellulosic biorefineries for the production of bioethanol and value-added products via circular carbon economy approach. He also discussed the challenges and possible solutions for current and upcoming biorefinery technology, especially those related to technology, environmental and economic concerns.

Prof. Surender Singh, HoD, Department of Microbiology and Convener of the lecture welcomed the guests and invited speaker. In his introductory remarks Prof. Surender discussed the theme of the lecture. Prof. Neelam Sangwan, Director Research development cell and Dean SIAS and Dean Research in her concluding remarks highlighted the importance of biorefinery development for sustainable development and appreciated the expert for his brilliant and enlightening lecture. Dr. Jitendra

Kumar Saini, Assistant Professor, Department of Microbiology was the organizing secretary for the expert lecture.The organisng team of the lecture included faculties of Department of Microbiology Prof. Gunjan Goel, Dr. Avijit and Dr. Vinod. The lecture was attended by the faculty members, researchers and students of various departments of the School of Interdisciplinary & Applied Sciences.

### 7.2 हकेवि में इंडिया@2047 पर विशेषज्ञ वार्ता आयोजित

CUH, Jan 18, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार को इंडिया एट 2047: चौलेंजेस एंड ए वे अहेड विषय पर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती नंदिनी सतपथी मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुपर्णो सतपथी मुख्य अतिथि तथा टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व ग्रुप गवर्नमेंट अफेयर्स तन्मय चक्रवर्ती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। अध्यक्षीय संबोधन प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भारत निर्माण के लिए युवा पीढ़ी की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि हमें अपने इतिहास को समझते हुए भविष्य की राह तय करनी होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुपर्णो सतपथी ने विशेष रूप से आत्मिक शक्ति को पहचानते हुए भविष्य निर्माण के पथ पर अग्रसर होने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुपर्णो सतपथी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 1947 में नहीं 1943 में ही आजाद हो गया था। यह वह समय था जब आजाद भारत की पहली सरकार नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित की गई थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत हमेशा से ही सोने की चिड़िया था, है और रहेगा। यहाँ उन्होंने इतिहास में वर्णित ज्ञान के पुनः अध्ययन और तथ्यों की सही जानकारी पर जोर देते हुए कहा कि बिना अपने मूल इतिहास को जाने नए भारत का विकास नहीं हो सकता।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत अमृत काल का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वप्रथम जरूरत है कि हम ऐसे माहौल का निर्माण करें जिसमें कि सभी मिलकर भारत के इतिहास को पहचानकर भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हों। कुलपति ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को इस दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रयास बताया। साथ ही उन्होंने हरियाणा की पावन धरती का उल्लेख करते हुए गीता के संदेश की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

### Expert Talk on India@2047 held at CUH

CUH, Jan 18, 2023

An expert talk on the topic ‘India @ 2047: Challenges and the Way Ahead’ was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Wednesday. Suparno Satpathy, Chairman, Smt. Nandini Satpathy Memorial Trust, was the chief guest and Tanmoy Chakraborty, Ex-Group Government Affairs Officer at Tata Sons Pvt Ltd. was present as the Guest of Honour while the program was presided over by Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, CUH. In his presidential address Prof. Tankeshwar Kumar described the role of the young generation important for building India and said that we have to understand our history and decide the way for the future. The chief guest in the program, Suparno Satpathy, especially emphasized on moving forward on the path of building the future by recognizing the spiritual power.

Tanmya Chakraborty said that we need to move forward with new thinking, new ideas, especially on important topics like housing facilities, water availability, health security.

Prof. Tankeshwar Kumar, referring to the AmritKaal presented by the Prime Minister Shri Narendra Modi, said that first of all it is necessary that we create such an environment in which everyone recognizes the history of India and strives to achieve the goal of the future. He described the new National Education Policy an important effort in this direction. Prof. Sushma Yadav, Pro Vice-Chancellor of the University said that India’s history is very old and without understanding it we will not be able to contribute in the true sense to the journey of India’s

development. The introduction of the chief guest was presented by Sarika Sharma, while the session was moderated by Dr. Renu Yadav, Deputy DSW, and the vote of thanks was given by Dr. A.P. Sharma. In the program, the first woman of the University, Prof. Sunita Srivastava, Registrar Prof. Sunil Kumar, Dean Research Prof. NeelamSangwan, Prof. Sanjiv Kumar, Prof. Pramod Kumar and Student coordinator Kush Sinha were present along with Teachers, researchers, students of various departments and non-teaching staff.

### 7.3 हकेवि में कौशल विकास कार्यक्रम पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

CUH, Feb 08, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन आत्मनिर्भर भारत मिशन में कौशल विकास की भूमिका विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के सहयोग से आयोजन इस व्याख्यान में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जबकि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद सभागार में आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन एवं कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देते हुए आत्मनिर्भर भारत मिशन से प्रतिभागियों को अवगत कराया और कहा कि भारत युवाओं का देश है और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हालांकि बेरोजगारी हमारे समक्ष एक समस्या है लेकिन यदि हमें पता है कि हमें अपनी ऊर्जा किस दिशा में लगानी है तो हम उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भारत पिछले सात से आठ सालों से निरंतर कौशल विकास की दिशा में अग्रसर हुआ है और पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है और आत्मनिर्भर भारत मिशन के अंतर्गत हम इस दिशा में समूचे विश्व में समक्ष एक उदाहरण के रूप में उपस्थित है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आत्मनिर्भर भारत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाया गया यह सपना हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार करता है। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. आर. के. गुप्ता ने अपने संबोधन में भारत के संदर्भ में कौशल विकास की महत्ता पर प्रकाश डाला और परम्परागत पाठ्यक्रमों से इतर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की बढ़ती महत्ता पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज के समय में कौशल विकास हर युवा के लिए महत्त्वपूर्ण है और पढ़ाई के साथ-साथ यदि कौशल सम्पन्न होते हैं तो सफलता के नए मार्ग प्रशस्त होते हैं। आज के समय में सरकार के स्तर पर भी इस तरह के पाठ्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के अंतर्गत ऐसे अनेकों अवसर युवाओं को उपलब्ध हैं। बस आवश्यकता है अपनी क्षमता को पहचानकर आगे बढ़ने की। कार्यक्रम में मंच का संचालन सुनील अग्रवाल ने किया। आयोजन के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुयश मिश्र ने दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल ऑफ लाइफ-लर्निंग के अधिष्ठाता व कार्यक्रम के आयोजन सचिव प्रो. पवन कुमार मौर्य ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### Expert lecture on Skill Development Program organised in CUH

CUH, Feb 08, 2023

An expert lecture on “Role of Skill Development Programme for Aatmnirbhar Bharat Mission” was organized by the Center for Innovation and Incubation, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh under Atmanirbhar Bharat Mission. It was organized in collaboration with the Department of Vocational Studies and Skill Development of the University in which the VC of Maharaja Agrasen University, Prof. R.K. Gupta was present as the expert while Prof. Tankeshwar Kumar, VC CUH, presided over the programme.

Prof. Sunita Srivastava, Director, Center for Innovation and Incubation and coordinator of the program apprised the participants about Atmanirbhar Bharat Mission and said that India is a country of youth and youth have an important role in making India self-reliant.

Prof. Tankeshwar Kumar said that the dream shown by Prime Minister Shri Narendra Modi prepares us to fulfill our needs. Keynote speaker in the event Prof. R.K. Gupta highlighted the importance of skill development in the context of India and elaborated on the increasing importance of vocational courses. Dr. Sunil Agarwal operated the stage in the program and Dr. Suyash Mishra gave the vote of thanks at the end of the event. In organizing this program, the Dean, School of Life-Long Learning and the organizing secretary of the program, Prof. Pawan Kumar Maurya played an important role. Deans of various schools, teachers, students and research scholars of various departments of the University were present on this occasion.

### 7.4 हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

### -दोहान व्याख्यानमाला के अंतर्गत हिंदी विभाग में प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया संबोधित

CUH, Mar 17, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के हिंदी विभाग में दोहान व्याख्यानमाला के तत्त्वावधान में साहित्य और मनोविज्ञान विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, मनोविज्ञान विशेषज्ञ व महात्मा गांध ी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने सर्वप्रथम साहित्य की उत्पत्ति के विषय में बताते हुए कहा कि सृजन की पृष्ठभूमि में संवेग ही होते हैं इस संदर्भ में वे उद्धृत करते हैं 'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः' अर्थात् वेदना से ही साहित्य की उत्पत्ति हुई है। साहित्य और मनोविज्ञान का अंतर सम्बन्ध बताते हुए कहा कि सृजन की प्रक्रिया में साहित्य और मनोविज्ञान दोनों एकरूपी होते हैं, साथ ही अपने संभाषण में साहित्य के बदलते हुए रूप की चर्चा की। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए उपयोगी बताया।

प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने हिंदी के भाषिक रूप की गरिमा को बनाए रखते हुए अच्छी हिंदी के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी के साथ साथ अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति हमारी दृष्टि व्यापक होनी चाहिए। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम हिंदी भाषा तक ही सीमित न रह कर अन्य भारतीय भाषाओं को भी ग्राह्य करें। साहित्य में अनुवाद के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रो. मिश्र ने बताया कि किस प्रकार अनुवाद ज्ञान समृद्धि का साधन बन सकता है। प्रो. मिश्र ने शोधार्थियों को भी अपने शोध कार्य के लिए नवीन दृष्टि अपनाने के लिए कहा तथा बताया कि साहित्य जीवन का स्पंदन है इसलिए हमें वैचारिक परिवर्तनों के प्रति सरोकार रखना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम संचालक सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने सर्वप्रथम मुख्य वक्ता का अभिनन्दन कर उनका सारगर्भित परिचय दिया एवम् कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमें इतिहास बताता है कि जीवन क्या था, कैसे विकसित हुआ, और दर्शन बताता है कि जीवन क्या है। साहित्य बताता है कि जीवन क्या होना चाहिए। साथ ही अंतरानुशासनिक दृष्टिकोण अपनाने की बात की। जिससे भाषाओं और ज्ञान के विस्तार के साथ साथ व्यक्तित्व का परिमार्जन होता है। उन्होंने कहा कि साहित्य मन की ही उपज है तथा इसी कारण मनोविज्ञान से भी स्वतः ही जुड़ जाता है और साथ ही साहित्य और मनोविज्ञान के इस गहन संबंध की प्रतिपुष्टि की। विभाग की सह आचार्य डॉ. कमलेश कुमारी ने प्रो. गिरीश्वर मिश्र का बहुमूल्य समय एवम् श्रोताओं की ज्ञान वृद्धि के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. रीना स्वामी सहित विभाग के शोधार्थी एवम् विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### Expert lecture in the Department of Hindi under Doha Lecture series organized

CUH, Mar 17, 2023

In the Department of Hindi, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, an extension lecture on the subject of "Literature and Psychology" was organized under the auspices of Doha Lecture series. Renowned educationist, psychology expert and former Vice Chancellor of Mahatma Gandhi International Hindi University, Wardha, Prof. Girishwar Mishra was present as the keynote speaker. Prof. Girishwar Mishra discussed the origins of literature, emphasizing the presence of emotions behind its creation. He drew a parallel between literature and psychology, highlighting their shared aspects in the creative process, while also addressing the evolving nature of literature. University Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar described such events as beneficial for students, researchers, and educators.

Pro. Girishwar Mishra emphasized on the use of good Hindi while maintaining the dignity of the linguistic form of Hindi. He said that along with Hindi, our vision should be broad towards other Indian languages. It is our responsibility that we

should not limit ourselves to Hindi language and accept other Indian languages as well. Prof. Mishra emphasized on the significance of translation in literature, highlighting its potential to foster the dissemination of knowledge. He encouraged researchers to embrace a fresh perspective in their work, underscoring that literature serves as the heartbeat of life, thus urging us to remain mindful of ideological shifts.

The Program Director and Acharya, Dr. Kamaraj Sindhu, started the event by extending a warm welcome to the keynote speaker and providing his brief introduction. Prof. Veer Pal Singh Yadav, HoD Hindi, delivered a presidential address, highlighting the role of history in understanding the past, philosophy in comprehending the present, and literature in shaping the future. He also emphasized the significance of adopting an interdisciplinary approach, which leads to the expansion of languages, knowledge, and personal refinement. Prof. Yadav further emphasized the inherent connection between literature and psychology, as both fields explore the depths of the human mind. Dr. Kamlesh Kumari, an Associate Professor of the Department, expressed gratitude to Prof. Girishwar Mishra for sharing his valuable insights and enriching the knowledge of the audience. The event witnessed the presence of researchers and students from the department, including Dr. Arvind Singh Tejawat, Dr. Amit Kumar, Dr. Siddharth Shankar Rai, and Dr. Reena Swami.

### 7.5 हकेवि में हिंदी साहित्य और सिनेमा पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

CUH, Mar 23, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के हिंदी विभाग में दोहान व्याख्यान माला के अंतर्गत 'हिंदी साहित्य और सिनेमा' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध निर्देशक व पटकथा लेखक प्रकाश भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि साहित्य और सिनेमा एक दूसरे के पूरक हैं और दोनों में एक अंतर्संबंध है। अनेक गीतकारों ने सिनेमा में अपना योगदान दिया है। हिंदी उपन्यास और कहानी पर पटकथा लिखते समय लेखक को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उसके समाधान को भी रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पटकथा लेखन से संबंधित सुझाव भी दिए। साहित्य और सिनेमा के जीवंत संबंध को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। हिंदी साहित्य की अन्य विधाओं जैसे कहानी, उपन्यास, जीवनी, नाटक आदि पर आधारित फिल्मों की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस तरह के आयोजनों को विषय की समझ हेतु उपयोगी बताया।

हिंदी विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने कहा कि सिनेमा ने हिंदी को विश्व भाषा बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज दुनिया के तमाम देशों में हिंदी सिनेमा के माध्यम से हिंदी भाषा का विस्तार हो रहा है। हिंदी सिनेमा के गीतों ने दुनिया के तमाम देशों पर अपनी छाप छोड़ी है। सिनेमा आज सिर्फ मनोरंजन का नहीं बल्कि गंभीर अनुसंधान का भी क्षेत्र बन गया है।आज दुनिया में ज्ञान का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है ,जहां सिनेमा ने अपनी दखल न दी हो। आयोजन में मंच का संचालन कर रहे सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने किया। कार्यक्रम के अंत में सह आचार्य डॉ. कमलेश कुमारी ने अध्यक्ष, मुख्य वक्ता, विद्यार्थी और शोधार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### Expert lecture on Hindi Literature and Cinema organized at Central University of Haryana

CUH, Mar 23, 2023

An expert lecture on the topic 'Hindi Literature and Cinema' was organized in the Department of Hindi, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh under Doha Lecture Series. Famous director and screenwriter of Hindi cinema Prakash Bhardwaj was present as the keynote speaker in the programme. The program was presided over by the Head of Department of Hindi, Prof. Bir Pal Singh Yadav. Prakash

Bhardwaj, the keynote speaker of the program, said that literature and cinema complement each other and there is an interrelationship between the two. Many lyricists have contributed to cinema. He discussed the challenges faced while adapting Hindi novels and stories into screenplays and provided solutions to overcome them. Additionally, valuable suggestions on script writing were shared with the students. The symbiotic relationship between literature and cinema was presented, emphasizing the significance of films based on various genres of Hindi literature such as stories, novels, biographies, and dramas. University Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar conveyed the message that such events play a pivotal role in enhancing the understanding of the subject.

During the event organized by the Department of Hindi, Prof. Bir Pal Singh Yada, highlighted the significant role of cinema in popularizing Hindi as a global language. He emphasized how Hindi cinema has contributed to the expansion of the Hindi language across countries, leaving a lasting impact through its songs. Furthermore, Prof. Yadav acknowledged that cinema has transformed into a field of not only entertainment but also serious research, as it has permeated various realms of knowledge worldwide. Assisting in conducting the event, Dr. Kamraj Sindhu played an important role on stage. In the closing moments of the program, Associate Professor Dr. Kamlesh Kumari expressed gratitude to the chairperson, the keynote speaker, as well as the students and research scholars.

# 8. Seminars, Conferences, Workshops, and Events

## 8.1 हकेवि में एआईसीटीई के सहयोग से एफडीपी की हुई शुरूआत

CUH, Jan 16, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) एकेडमी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन व ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि इस तरह के आयोजनों को शिक्षकों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से अर्जित ज्ञान शिक्षण व अनुसंधान के नए आयामों के विस्तार में मदद प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड तीन में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से 9 जनवरी से 14 जनवरी तक संचालित करने के बाद अब 16 जनवरी से 20 जनवरी तक ऑफलाइन माध्यम से संचालित होगा। आयोजन के उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सह-आचार्य प्रो. प्रदीप मित्तल ने विषय की बारीकियों से अवगत कराया। इसी क्रम में उन्होंने प्रतिभागियों को समय के अनुरूप शिक्षण व अनुसंधान की उपयोगिता का महत्त्व भी समझाया।

विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्पीच प्रोसेसिंग के स्तर पर नए बदलावों, स्पीच क्वालिटी के मूल्यांकन, मशीन लर्निंग आदि महत्त्वपूर्ण विषयों के स्तर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में डॉ. बिनय कुमार रे, अनंत बारा, डॉ. नितिन गोयल, सुश्री संगीता व डॉ. हेमलता महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। आयोजन में स्वागत भाषण स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. फूल सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विशाल पसरीचा ने दिया।

## FDP started at CUH

CUH, Jan 16, 2023

Faculty Development Program (FDP) sponsored by AICTE Training and Learning (ATAL) Academy is being organized by the Department of Computer Science and Technology, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. On the occasion of the formal inauguration of the event, the Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar said that such events are useful for the teachers and the knowledge gained from such events helps in expansion of new dimensions of teaching and research.

Dr. Rakesh Kumar, Head, Computer Science and Technology department, said that after conducting this program through online mode from January 9 to January 14, it will be operated through offline mode from 16 January to 20 January. Prof. Pradeep Mittal, Associate Professor, Kurukshetra University, Kurukshetra informed about the

nuances of the subject. He also explained the participants the importance of teaching and research according to the time. Dr. Rakesh Kumar said that in this program participants will be trained mainly on new changes at the level of speech processing, evaluation of speech quality, machine learning etc. He said that Dr. Binay Kumar Ray, Anant Bara, Dr. Nitin Goyal, Ms. Sangeeta and Dr. Hemlata made important contributions in this event. Welcome speech in the event was given by Prof. Phool Singh, Dean, School of Engineering and Technology while Dr. Vishal Pasricha gave the vote of thanks at the end of the program.

## 8.2 हकेवि गुणात्मक शोध पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

CUH, Jan 19, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मनोविज्ञान विभाग द्वारा गुणात्मक शोध विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का वीरवार को शुभारंभ हुआ। आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत विश्वविद्यालय कुलगीत के साथ हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से विभागीय स्तर पर इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए उपयोगी बताया और कहा कि अवश्य ही इस आयोजन से प्रतिभागियों को विषय की नई जानकारियां प्राप्त होंगी।

उद्घाटन सत्र के आरंभ में कार्यक्रम के संयोजक व मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वी.एन. यादव ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मलेशिया विश्वविद्यालय सबाह, मलेशिया में सह-आचार्य डॉ. बालन राथाकृष्णन का परिचय प्रतिभागियों से कराया। इसी क्रम में कार्यक्रम सचिव प्रो. पायल कंवर चंदेल ने आयोजन की प्रमुख पहलुओं से अवगत कराते हुए गुणात्मक शोध के महत्त्व व उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. राथाकृष्णन ने अपने संबोधन में गुणात्मक शोध से संबंधित विभिन्न महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला और इस दौरान प्रतिभागियों की विभिन्न जिज्ञासाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मंच संचालन का संचालन शोधार्थी दिव्या वशिष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. रवि प्रताप पांडे, डॉ. रीतू शर्मा, डॉ. विष्णु कुचेरिया और 50 प्रतिभागियों के साथ मनोविज्ञान विभाग व अन्य विभागों के शोधार्थी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## Two-day workshop in CUH on Qualitative Research


CUH Jan 19, 2023

A two-day workshop on the subject of qualitative research was inaugurated on Thursday by the Department of Psychology at Central University of Haryan (CUH), Mahendergarh. The inaugural session of the event began with the University anthem. Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar, through a message, described such events at the departmental level as useful for students and researchers and said that the participants would definitely get new information about the subject from this event.

In the beginning of the inaugural session, the coordinator of the program and the Head of the Department of Psychology, Prof. V.N. Yadav introduced the keynote speaker of the program to the participants, Dr. Balan Rathakrishnan, Associate Professor, University of Malaysia Sabah, Malaysia. In this sequence, Program Secretary Prof. Payal Kanwar Chandel highlighted the importance and relevance of qualitative research while informing about the main aspects of the event. Expert speaker Dr. Rathakrishnan in his address threw light on various important aspects related to qualitative research and discussed in detail the various curiosities of the participants. The stage operation of the program was conducted by researcher Divya Vashisht. Dr. Pradeep Kumar, Dr. Ravi Pratap Pandey, Dr. Ritu Sharma, Dr. Vishnu Kucheria and 50 participants along with researchers and students of psychology department and other departments were present in the programme.

## 8.3 हकेवि में अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार विषय पर वेबिनार आयोजित

CUH, Feb 07, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के ओबीसी सेल द्वारा आयोजित इस वेबिनार में दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के सह-आचार्य डॉ. संदीप कुमार यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ओबीसी सेल को आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के बारे में सोचना चाहिए।

इससे पूर्व वेबिनार की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के सह-आचार्य एवं वेबिनार के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। भौतिकी विभाग के प्रोफेसर सुनील कुमार ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का परिचय प्रतिभागियों से कराया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कार्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि इंसानित के नाते हमें जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सहायक आचार्य व वेबिनार के आयोजन सचिव डॉ. पवन कुमार ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार यादव ने पिछड़ा वर्ग के इतिहास पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसकी उत्पत्ति से लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कालेलकर आयोग व मंडल आयोग की सिफारिशों पर चर्चा करते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति से प्रतिभागियों को अवगत कराया और बताया कि किस तरह से अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति में सुधार किया जा सकता है। कार्यक्रम में मंच का संचालन शोधार्थी प्रिया यादव ने किया जबकि शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की सहायक आचार्य व आयोजन सचिव डॉ. स्वाति चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## Webinar organized on the subject of Rights of Other Backward Classes

Feb 07, 2023

A Webinar on the rights of Other Backward Classes was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Tuesday. Dr. Sandeep Kumar Yadav, Associate Professor, University of Delhi, Delhi, was present as the keynote speaker in this webinar organized by the OBC Cell of the University. University Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar congratulated OBC Cell for organizing the event. He said that we should think about the all round development of every section of the society.

The webinar commenced with the university anthem, followed by a welcome speech delivered by Dr. Devendra Kumar, Associate Professor of the Statistics Department and the coordinator of the webinar.. The main speaker, Dr. Sandeep Kumar Yadav, delved into the history and rights of the backward class, shedding light on the recommendations of the Kalelkar Commission and the Mandal Commission. He shared insights on the social, economic, and educational status of the Other Backward Classes, and suggested ways to improve their conditions. The stage was skillfully conducted by research scholar Priya Yadav, while Dr. Swati Chowdhary, assistant professor and organizing secretary of the Department of Physical Education and Sports, expressed gratitude through the vote of thanks.

## 8.4 हकेवि में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

CUH, Feb 07, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली के सहयोग से विश्वविद्यालय में मंगलवार 7 फरवरी को आठवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि रक्तदान अत्यंत पुनीत कार्य है। रक्तदान बहुत आवश्यक है क्योंकि आपके द्वारा दान किया गया रक्त किसी का जीवन बचा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि उनके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है। इसलिए रक्तदान आवश्यक है। कुलपति ने रक्तदान के संबंध में भ्रम को दूर करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विश्वविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि रक्तदान शिविर के माध्यम से 120 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। उन्होंने इस आयोजन में सहभागिता हेतु इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, नई दिल्ली का भी आभार व्यक्त किया। प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ शिविर के छठे दिन की शुरुआत योग कार्यक्रम के साथ हुई। जिसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया। वहीं शाम के समय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## Blood donation camp organized in CUH

CUH Feb 07, 2023

National Service Scheme (NSS) and Youth Red Cross unit of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, in collaboration with Indian Red Cross Society, New Delhi, organized the eighth blood donation camp on Tuesday, February 7 in the university. The inauguration of the blood donation camp was done by the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar. During the event, Prof. Kumar expressed the significance of blood donation, describing it as a noble act that has the potential to save lives. He personally adorned badges on the blood donors as a gesture of appreciation, emphasizing the life-saving impact their donations can have. Prof. Kumar also emphasized the importance of dispelling misconceptions surrounding blood donation. Dr. Dinesh Chahal, the coordinator of the NSS unit of the university, shared information about the ongoing seven-day NSS camp, highlighting that the blood donation camp had collected 120 units of blood. He expressed gratitude to the Indian Red Cross Society, New Delhi, for their participation in the event. Additionally, Prof. Dinesh Chahal mentioned that the sixth day of the camp commenced with a yoga program led by NSS Program Officer Dr. Pradeep. Cultural programs organized by the volunteers of the National Service Scheme were also held in the evening.

## 8.5 हकेवि में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

CUH, Feb 10, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में डेटा विश्लेषण के लिए अनुमानित आँकड़े विषय पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के प्रोफेसर कुलविंदर सिंह उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि इस तरह के आयोजन शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी है और इस आयोजन के लिए शिक्षक शिक्षा विभाग बधाई का पात्र है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार स्थित सम्मेलन कक्ष में कार्यशाला की शुरूआत के अवसर पर संयोजिका डॉ. आरती यादव और शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने

कार्यशाला की रूपरेखा प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत की। विशेषज्ञ वक्ता प्रो. कुलविंदर सिंह का परिचय विभाग के प्रो. प्रमोद कुमार ने कराया। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. कुलविंदर सिंह ने सांख्यिकीय महत्व के लिए परीक्षण तकनीक, पैरामीट्रिक और गैर-पैरामीट्रिक सांख्यिकीः अर्थ और धारणा, शैक्षिक अनुसंधान में डेटा के प्रकार के संदर्भ में तुलना, प्रसरण विश्लेषण, टी- परीक्षण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ प्रतिभागियों को प्रदान की। विषय विशेषज्ञ ने अनेक शोध पत्र प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें महत्वपूर्ण बातों का ध्यान कराया। कार्यशाला पीएचडी शोधार्थियों और एम.एड. विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी रही। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया और विषय विशेषज्ञ के साथ अपने अनुभवों को और अपने प्रश्नों को साझा कर उनके समाधान प्राप्त किए। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रो. दिनेश, प्रो. नंद किशोर, प्रो. गौरव व डॉ. रेनु सहित विभाग के शिक्षकों ने सहयोग किया।

## Three-day workshop organized in CUH

Feb 10, 2023

A three-day workshop on the topic Inferential Statistics for Data Analysis at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, was held on 10.02.23. Professor Kulwinder Singh of Punjabi University, Patiala was present as an expert in this workshop organized by the Teacher Education department of the university. University Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar said that such events are very useful for teachers, researchers and students and the Teacher Education department deserves congratulations for this event.

Dr. Aarti Yadav and Dean of the Education Chair, Prof. Sarika Sharma presented the outline of the workshop to the participants, and Prof. Pramod Kumar gave introduction of the expert. In this three-day workshop, expert speaker Prof. Kulwinder Singh provided the participants with practical training on testing techniques for statistical significance, parametric and non-parametric statistics: meaning and notion, comparison with reference to types of data in educational research, analysis of variance, t-test, etc. The subject expert presented several research papers to the participants and made them pay attention to important things. The workshop was organized for PhD researchers and M.Ed students. The participants enthusiastically participated in the three day workshop and shared their experiences with the subject matter experts and got their queries resolved.

## 8.6 हकेवि में अनुवाद अध्ययन पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित

CUH, Feb 23, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के हिंदी विभाग द्वारा अनुवाद अध्ययन पाठ्यक्रम पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्‌घाटन केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के पूर्व कुलपति प्रोफेसर कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री ने किया। कार्यशाला में उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के उपाध्यक्ष प्रोफेसर चमनलाल गुप्त, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर मोहन, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बैजनाथ प्रसाद, अंबेडकर विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक पीठ अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सत्यकेतु सांकृत, माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय भाषा निदेशक डॉ. बालेंदु शर्मा दाधीच उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से हिंदी विभाग में शुरु किए गए अनुवाद अध्ययन पाठ्यक्रम को और अधिक संशोधित, परिष्कृत एवं प्रमाणित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप वर्तमान समय एवं समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम पर विमर्श किया गया। विशेषज्ञों द्वारा इस पाठ्यक्रम को रोजगारपरक व एप्लाइड बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बीर पाल सिंह यादव ने कार्यशाला में पधारे सभी विद्वानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध कराने वाला है और विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की शुरुआत अवश्य ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगी। प्रोफेसर कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि हिंदी भाषा के विस्तार के साथ हमें अनुवाद पर जोर देना होगा क्योंकि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को अनुवाद के माध्यम से ही विश्व तक पहुंचाया जा सकता है, तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है । प्रोफेसर चमनलाल गुप्त ने सुझाव दिया कि भारतीय भाषाओं के साथ अंतर्संबंध और अंतःक्रिया को गति प्रदान करने में अनुवाद की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रोफेसर मोहन मतानुसार हिंदी की प्रयोजनीयता तभी सिद्ध होगी जब हिंदी अनुवाद से जुड़ेगी। प्रोफेसर बैजनाथ प्रसाद के अनुसार मातृभाषा से अन्य भाषाओं में अनुवाद का प्रशिक्षण स्कूली शिक्षा से ही छात्रों को देने की जरूरत है। अंत में डॉ. बालेंदु शर्मा दाधीच ने अनुवाद को तकनीकी से जोड़कर विस्तार से अपनी बात रखी। प्रोफेसर सत्यकेतु सांकृत ने इस बात पर जोर दिया कि देश अन्य विश्वविद्यालयों में संचालित परंपरागत अनुवाद पाठ्यक्रमों से अलग हटकर यह पाठ्यक्रम बन रहा है। कार्यशाला का संचालन विभाग की सहआचार्य डॉ. कमलेश कुमारी ने किया। कार्यशाला के अंत में डॉ. अमित कुमार ने ध न्यवाद ज्ञापित किया।

## 8.7 हकेवि में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

CUH, Feb 23, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के औषधि विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान प्रभा के सहयोग से नशीली दवाओं के अनुसंधान के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर औषधि विज्ञान विभाग द्वारा नई दवा की खोज में नवीन दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देते हुए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए की गई पहल की सराहना की।

कार्यक्रम की शुरूआत में स्कूल ऑफ लाइफ लांग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रोफेसर पवन मौर्य ने स्वागत भाषण दिया और संगोष्ठी के बारे में जानकारी दी। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता, शोध अधिष्ठाता व कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रोफेसर नीलम सांगवान ने यह भी बताया कि विद्वानों को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संसाधन व्यक्तियों के साथ बातचीत करने का अवसर देने के लिए इस तरह की संगोष्ठी भी नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। औषधि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. दिनेश कुमार ने औषधि अनुसंधान के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 100 से अधिक शोधार्थियों और संकाय सदस्यों ने प्रतिभागिता की और औषधि अनुसंधान के तरीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्राष्ट्रीय वक्ता, नेगेव, इजराइल के बेन गुरियन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शिमोन बेन-शाबत ने कैनबिनोइड-लोडेड नैनो-फॉर्मुलेशन के विकास पर जोर दिया और विभिन्न रोगों के उपचार में उनकी प्रभावकारिता पर भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त, अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रोफेसर दिनेश ढींगरा ने दवाओं पर काम करने के लिए नैतिक समिति की आवश्यकता और पशु मॉडल पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर प्रो. अंतरेश कुमार, प्रो. गुंजन गोयल, डॉ. मुलका मारुथी, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. रवि आदि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयुक्त सचिव डॉ. सुमित कुमार, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. अशोक जांगड़ा, डॉ. रवि कुमार एवं डॉ. मनीषा पाण्डेय थे।

## An International Seminar on "Novel Approaches for Drug Research" conducted at CUH

CUH, Feb 23, 2023

An international seminar on "Novel Approaches for Drug Research" was organized by the Department of Pharmaceutical Sciences, School of Interdisciplinary and applied sciences in collaboration with Vigyan Prabha. Hon'ble Vice-Chancellor Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar appreciated the initiative taken by the Department of Pharmaceutical Sciences to conduct such a program. Prof. Pawan Maurya, Dean School of Life long Learning gave the welcome address and briefed about the seminar.

Prof. Neelam Sangwan, Dean SIAS, and Dean Research, Chairperson of the event, also informed that such seminar would also be conducted regularly in order to give an opportunity to scholars to interact with eminent international resource persons. Dr. Dinesh Kumar, Head, Dept. of Pharm. Sciences and organizing secretary of the event informed about the methods of drug research. He told that more than 100 research scholars and faculty members from CUH attended and gained knowledge about approaches for drug research. Dr. Sumit Kumar, Dr. Tarun Kumar, Dr. Ashok Jangra, Dr. Ravi Kumar and Dr. Manisha Pandey were the joint secretary of the event. The international speaker of this event, Prof. Shimon Ben-Shabat from Ben Gurion University of the Negev, ISRAEL emphasized on development of cannabinoid-loaded nano-formulations and also discussed their efficacy in the treatment of various diseases. Additionally, other eminent speakers Prof (Dr.) Dinesh Dhingra from Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar discussed in-depth on the requirement of ethical committee and choice of animal models for working on drugs. On this occasion Prof. Antresh Kumar, Prof. Gunjan Goel, Dr. Mulaka Maruthi, Dr. Jitender Kumar, Dr. Ravi, etc., were also present.

### 8.8 हकेवि का नौवा दीक्षांत समारोह आज दीक्षांत समारोह में 1053 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को मिलेगी डिग्रियां

CUH, Mar 28, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) का नौवा दीक्षांत समारोह बुधवार 29 मार्च, 2023 को आयोजित होने जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1053 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को पीएच.डी., एम.फिल., स्नातक व स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की जाएंगी। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि असम के पूर्व राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि जबकि हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि नौवे दीक्षांत समारोह में पिछले एक साल में उत्तीर्ण कुल 1053 विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जायेंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक के अनुसार इस बार 22 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि, 18 को एम.फिल और 1013 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान की जाएगी। जहां तक स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की बात है तो दीक्षांत समारोह में 43 छात्र-छात्राओं को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। जहां तक छात्र-छात्राओं की बात है तो इस दीक्षांत समारोह में डिग्री पाने वाले कुल 1053 विद्यार्थियों व शोधार्थियों में 598 छात्र और 455 छात्राएं शामिल है। यूजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.टेक. में 120 तथा बी.वॉक. में 112 विद्यार्थियों को तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 781 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएंगी।

### Ninth Convocation of CUH: 1053 Students and Scholars got degree in the Convocation

March 28 2023

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh hosted its Ninth Convocation on March 28, 2023. According to Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University, a total of 1053 students and research scholars were honored with Ph.D., M.Phil., Graduate, and Post-graduate degrees during the convocation. The event witnessed the esteemed presence of Prof. Jagdish Mukhi, the former Governor of Assam, as the Chief Guest, and Prof. K. C. Sharma, the Vice-Chairperson of Haryana State Higher Education Council, as the Guest of Honour. Prof. Tankeshwar Kumar further informed that among the recipients of degrees, 22 students were awarded Ph.D. degrees, 18 students received M.Phil. degrees, and 1013 students were presented with graduation and post-graduation degrees. Additionally, 43 students who demonstrated outstanding academic performance were bestowed with gold medals. The total count of students and research scholars included 598 males and 455 females. Among them, 120 students were awarded B.Tech. degrees under UG courses, 112 students received B.Voc. degrees, and 781 students postgraduate degrees. The convocation ceremony was attended by alumni, parents, media personnel, and members of the local community as well.

## 9. Sports

### 9.1 हकेवि में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल 2022-23 की हुई शुरूआत

CUH, Feb 15, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार 15 फरवरी 2023 से ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल (महिला) 2022-23 टूर्नामेंट की शुरुआत हो गई। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के द्वारा आयोजित चार दिवसीय इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 77 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय में इस गतिविधि के आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हम इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। कुलपति ने अपने संबोधन में खेलों को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज के समय में खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। अवश्य ही यह आयोजन विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ने में मददगार साबित होगा।

विश्वविद्यालय की खेल परिषद् द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत खिलाड़ियों के पैदल मार्च व विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रो. रविंद्र पाल अहलावत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार व दीन बंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल के खेल निदेशक श्री विरेंद्र हुड्डा का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जे.पी. भूकर ने चार दिवसीय इस आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार, विशिष्ट अतिथि श्री विरेंद्र हुड्डा व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

विश्वविद्यालय की खेल परिषद् के सचिव डॉ. संदीप ढुल ने बताया कि चार दिवसीय इस आयोजन में देशभर से 600 से अधिक महिला खिलाड़ी व सहयोगी शिक्षक एकत्र हुए हैं। एआईयू द्वारा आयोजित यह पहला नेटबॉल महिला टूर्नामेंट है। इस आयोजन में गुरुवार को प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। डॉ. संदीप ढुल ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन स्वर्णिम गुजरात, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतकय अन्नामलाई विश्वविद्यालय, वीटीयू, एचवाईयू, दुर्गय एसपीपीयू, पुणेय यूनिवर्सिटी ऑफ स्पोर्टस बोर्ड राजस्थान जयपुर की टीमों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर विजय हासिल की। आयोजन के उद्घाटन सत्र के दौरान मंच का संचालन सहआचार्य डॉ. मोनिका मलिक व सहायक आचार्य डॉ. स्वाति चौधरी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. बीरपाल यादव, प्रो. प्रमोद कुमार, परीक्षा नियत्रंक डॉ. राजीव कौशिक, प्रो. फूल सिंह, प्रो. विकास गर्ग, प्रो. दिनेश चहल आदि उपस्थित रहे।

### All India Inter University Netball 2022-23 started at CUH

CUH, Feb 15, 2023

The All India Inter University Netball (Women) 2022-23 tournament has started from Wednesday 15 February 2023 at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. 77 teams from various universities across the country are participating in this prestigious four-day tournament organized by the Association of Indian Universities (AIU). The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar, while inaugurating the tournament, described the importance of organizing this activity in the University and said that it is a matter of pride for the University that we are hosting this prestigious event. The Vice-Chancellor said that in today's time, sports are playing an important role in the all-round development of the students. Surely this event will prove to be helpful in connecting the students with sports.

Prof. Ravindra Pal Ahlawat, Department of Physical Education and Sports, presented the welcome speech and expressed his gratitude to the chief guests of the inaugural session Prof.

Tankeshwar Kumar and Sports Director of DeenBandhu Chhoturam Science and Technology University, Murthal Mr. Virendra Hooda. After this the head of the department, Dr. J.P. Bhukar presented the outline of the four-day event.

Dr. Sandeep Dhul, Secretary, Sports Council, CUH said that more than 600 women players and associate teachers from all over the country have gathered in this four-day event. This is the first netball women's tournament organized by AIU. Education and Transport Minister of Haryana Shri Moolchand Sharma would encourage the players in this event on Thursday. Dr. Sandeep Dhul told that on the first day of the competition, Swarnim Gujarat; Maharshi Dayanand University, Rohtak; Annamalai University; VTU; HYU; Durg; SPPU, Pune; and the teams of University of Sports Board Rajasthan, Jaipur triumphed over their rivals. During the inaugural session of the event, the stage was operated by Associate Professor Dr. Monika Malik and Assistant Professor Dr. Swati Chaudhary. For the successful organization of the program, Registrar Prof. Sunil Kumar congratulated the organizing committee. On this occasion Prof. Sanjeev Kumar, Prof. Sarika Sharma, Prof. Birpal Yadav, Prof. Pramod Kumar, Controller of Examinations Dr. Rajeev Kaushik, Prof. Phool Singh, Prof. Vikas Garg, Prof. Dinesh Chahal etc. were present.

## 9.2 हकेवि में चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल (महिला) टूर्नामेंट का हुआ समापन

### डीयू ने पहला, पीयू चण्डीगढ़ ने दूसरा, बैंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी ने तीसरा तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय को चौथा स्थान

CUH, Feb 18, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 15 फरवरी से जारी चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल (महिला) टूर्नामेंट 2022-23 का शनिवार को समापन हो गया। आयोजन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री धर्मबीर सिंह उपस्थित रहे। समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में देशभर से आईं 65 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने शानदार प्रदर्शन के बूते दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम ने पहलाय पंजाब यूनिवर्सिटी, चंण्डीगढ़ ने दूसराय बैंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी ने तीसरा तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट में बैंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी की महालक्ष्मी व डीयू की प्राची मलिक को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया।

## Four-day All India Inter University Netball (Women) Tournament concluded in CUH

### -DU got first, PU Chandigarh second, Bangalore City University third, and Kurukshetra University got fourth position

CUH, Feb 18, 2023

The four-day All India Inter University Netball (Women) Tournament 2022-23, which started from February 15 at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, concluded on Saturday. Mahendergarh-Bhiwani Lok Sabha MP Shri Dharambir Singh was present as the chief guest in the closing session of the event. 65 teams from all over the country participated in this competition which lasted for four days and due to their excellent performance, the Delhi University team stood first; Panjab University, Chandigarh second; Bangluru City University got the third position and Kurukshetra University team got the fourth position. Mahalakshmi of Bangaluru City University and Prachi Malik of DU were declared the best players in the tournament.

## 10. New Events

### 10.1 विश्वविद्यालय के ब्रेंड अम्बेस्डर है पूर्व छात्रा - प्रो. टंकेश्वर कुमार

CUH, Mar 09, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नौकरी में अवसर विषय पर केंद्रित चर्चा का आयोजन किया। ऑनलाइन आयोजित यह चर्चा विशेष रूप से शिक्षा विभाग के पूर्व छात्रों के साथ आयोजित की गई। जिसमें 62 से अधिक पूर्व विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर अपने संबोधान में कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्था के लक्ष्यों को साकार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी हमारे ब्रेंड अम्बेस्डर हैं।

कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय से जोड़े रखने में पूर्व छात्र संघ की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। यह विश्वविद्यालय के रचनात्मक विकास से जोड़ते हुए उनमें सदैव संस्था के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करता है। कुलपति ने इस चर्चा को आपस में विचारों के सफलतम आदान-प्रदान का माध्यम बताया और कहा कि ऐसे ही संवाद से भविष्य का रोडमेप तैयार करने में मदद मिलती है। विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र संघ व शिक्षक शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम के आरंभ में शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो. नंद किशोर ने पूर्व छात्र संघ की आवश्यकता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात कार्यक्रम में पूर्व छात्र डॉ. विजयन, श्री अबोध, श्री प्रद्युम्न और संकाय सदस्य डॉ. नीतिन ने विश्वविद्यालय के संबंध में अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस अवसर पर आईसीटी, पाठ्यचर्चा डिजाइन, जीवन कौशल, और शिक्षा शास्त्र के स्तर पर नवीनतम बदलावों को अपनाते हुए अध्ययन-अध्यापन और व्यावहारिक प्रशिक्षण पर कार्यशाला आयोजित करने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय की विरासत को कायम रखने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कार्यक्रम के अंत में पूर्व छात्र संघ के अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐलुमिनी संघ का गठन विश्वविद्यालय कुलपति के निर्देशन में एक उल्लेखनीय प्रयास है। जिसमें विशेष रूप से पूर्व छात्र को सलाहकार, स्वयंसेवक व सहयोगी के रूप में सम्मिलित किया गया जाएगा ताकि वे विश्वविद्यालय की प्रगति में सकारात्मक योगदान दें सके।

### Alumni are brand ambassadors of CUH: Prof. Tankeshwar Kumar

CUH, Mar 09, 2023

Online interaction with 'Alumni of Education' was held to discuss the 'Job opportunities in Education' and 62 Alumni, scholars and teachers attended this programme. Organised jointly by the Alumni Association of Central University of Haryana and Department of Teacher Education, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, the programme started with welcome address by Prof. Sarika Sharma, Dean, School of Education & Head, Department of Teacher Education, CUH. After that Prof, NandKishor, Proctor, CUH briefly explained the need & objectives of Alumni Association of Central University of Haryana.

Prof.Tankeshwar Kumar said that Alumni can play very important role in realising the goals of any institution and alumni are brand ambassadors of CUH. Alumni Association develops the sense of responsibility among alumni for their constructive engagement for the academic and professional growth of the university. It provides a platform for exchange of ideas which helps in devising the roadmap and perspective plan for the future. After that Alumni and faculty -Mr. Vijayan, Mr. Abodh, Mr.Praduman, and Dr. Nitin (who is serving in Malaysia) shared their views about CUH. They suggested that more professional development programmes may be organised under AACUH on ICT, Curriculum design, life skills & latest pedagogies. Prof. Dinesh Chahal, Coordinator,

NSS & YRC, CUH gave his views on the role of Alumni in maintaining the heritage & legacy of CUH. At the end of the programme, Prof. Parmod Kumar, Dean, Alumni and Secretary, AACUH gave his concluding remarks and said that AACUH is a very good initiative of our Hon'ble Vice-chancellor to engage alumni as mentor and volunteer.

### 10.2 देश के विकास में भगत सिंह की तरह योगदान दें युवा- प्रो. टंकेश्वर कुमार

### -हकेवि में शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

CUH, Mar 22, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भगत सिंह की प्रासंगिकताः तब और अब विषय पर मंगलवार को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अनुसूचित जातिध्जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. चमन लाल व डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रो. गोपाल जी प्रधान उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में युवाओं को भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में योगदान हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि शहीद भगत सिंह ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और आज की बात करें तो अगर हम अपने कर्तृतव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करते हैं तो यह देश के विकास के लिए उनका सही मायने में योगदान होगा।

कुलपति ने अपने संबोधन में भगत सिंह के बलिदान को याद करते हुए उनके द्वारा सामाजिक सौहार्द व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु प्रस्तुत विचारों का भी उल्लेख किया और उन्हें समझकर आगे बढ़ने के लिए सभागार में उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत में अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. अंतरेश कुमार ने कुलपति का परिचय दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके पश्चात प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. टी. लोंग्कोई ने प्रो. चमन लाल व श्री राकेश मीणा ने प्रो. गोपाल जी प्रध ाान का परिचय प्रस्तुत किया। विशेषज्ञ वक्ता प्रो. चमन लाल ने अपने संबोधन में भगत सिंह के स्वाधीनता संग्राम में योगदान के साथ-साथ उनके द्वारा प्रस्तुत लोकतांत्रिक मूल्यों व सामाजिक कुरूतियों के खिलाफ प्रस्तुत विचारों पर भी प्रकाश डाला। प्रो. चमन लाल ने अनेकों उदाहरणों के माध्यम से भारत के निर्माण और उसके लिए आवश्यक विभिन्न मूल्यों को भी प्रस्तुत किया। इसी क्रम में प्रो. गोपाल जी प्रधान ने भगत सिंह के माध्यम से आजादी की लड़ाई और उसके बाद आजाद भारत के निर्माण हेतु प्रस्तुत विचारों का उल्लेख करते हुए भगत सिंह के योगदान का स्मरण कराया। उन्होंने मुकदमें के दौरान भगत सिंह के द्वारा निरंतर प्रस्तुत किए जाने वाले विचारों को भारत के भविष्य के लिहाज से महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि नए भारत के निर्माण हेतु उनके विचार आज भी उपयोगी हैं। कार्यक्रम के अंत में सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की विभिन्न जिज्ञासाओं पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. शाहजहां ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. दिनेश चहल, प्रो. बीरपाल सिंह, डॉ. समीक्षा गोदारा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अभिरंजन, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. रविंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### Youth should contribute in the development of the country like Bhagat Singh- Prof. Tankeshwar Kumar

### National seminar organized on the occasion of Martyr's Day in CUH

CUH, Mar 22, 2023

On the occasion of Martyrdom Day, a national seminar was organized at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Tuesday on the topic: Relevance of Bhagat Singh: Then and Now. Prof. Chaman Lal, renowned historian on Bhagat Singh and former faculty

of Jawaharlal Nehru University, was an expert speaker in this seminar organized by the SC/ST Cell of the University. Dr. B.R. Ambedkar University, Delhi Prof. Gopal ji Pradhan was also present. During the event, University Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar delivered an inspiring address, urging the youth to contribute to the country's development by drawing inspiration from the life of Bhagat Singh. He emphasized that Shaheed Bhagat Singh's supreme sacrifice for the nation is well-known, and by fulfilling our responsibilities with honesty, we can truly contribute to the country's progress. Prof. Kumar paid tribute to Bhagat Singh's sacrifice and highlighted his ideas for safeguarding social harmony and democratic values. He encouraged the youth present in the auditorium to understand and embrace these ideas. The program began with the university anthem and followed by Prof. Antresh Kumar, the coordinator of the SC/ST cell, introducing the Vice Chancellor. Prof. Chaman Lal and Mr. Rakesh Meena then introduced expert speaker Prof. Gopal ji Pradhan. Prof. Chaman Lal emphasized Bhagat Singh's contributions to the freedom struggle and his ideas against social evils, illustrating various values necessary for the construction of a new India through examples. Prof. Gopal ji Pradhan further reflected on Bhagat Singh's contributions to the freedom struggle and the ideas he presented for the future of independent India. He highlighted the ongoing relevance of Bhagat Singh's views in shaping a new India. A question-and-answer session was organized, allowing participants to seek expert opinions on various queries. Dr. Shahjahan, a member of the cell, expressed gratitude in the vote of thanks. The event was attended by Prof. Pawan Kumar Maurya, Prof. Dinesh Chahal, Prof. Birpal Singh, Dr. Samiksha Godara, Dr. Pradeep Kumar, Dr. Kamraj Sindhu, Dr. Amit Kumar, Dr. Abhiranjan, Dr. Siddharth Shankar Rai, Dr. Ravindra Singh, and teachers, students, and researchers from various departments.

## 10.3 हकेवि में कैंपस कविता का हुआ आयोजन

CUH, Mar 31, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा ''रेख्ता फाउंडेशन'' के उपक्रम ''हिंदवी'' के सहयोग से ''कैंपस कविता'' शीर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि, कला समीक्षक, रंगमंच और सिनेमा के सिद्धहस्त प्रयाग शुक्ल ने की। समकालीन विषयों और हरियाणवी पर पकड़ रखने वाली कवियत्री विपिन चौधरी एवं सोशल मीडिया के चर्चित चेहरे और नई पीढ़ी के कवि अनुराग अनंत भी इस आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम के समन्वयक हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीर पाल सिंह यादव रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में विभाग की सह आचार्य डॉ. कमलेश कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विभाग के सह आचार्य डॉ. कामराज सिंधु ने प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल का परिचय हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अमित ने दिया। प्रतिभागियों ने संवेदनशील एवं गहन विषयों को स्वरचित कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया। निर्णायक मंडल के सदस्य अनुराग अनंत ने कविता का महत्त्व बताते हुए कहा कि कविता के दृश्य को समझना व महसूस करना सिखाती है। इसी क्रम में विपिन चौधरी ने अपनी कविताओं को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। प्रयाग शुक्ल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि प्रकृति अपने आप में बहुत विराट है किंतु कला उसे और व्यापकता प्रदान करती है। उन्होंने हिंदी के कवियों की कविताओं का सस्वर पाठ भी किया। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग की गायत्री ने प्रथम, रोबिन व जुबिल जी मैथ्यू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अरविंद सिंह तेजावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा, संस्कृत विभाग से डॉ. सुमन रानी, हिंदी विभाग से डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय एवं डॉ. रीना स्वामी सहित अन्य विभागों से शोधार्थी व छात्र उपस्थित रहे।

## Campus Poetry organized in CUH

Mar 31, 2023

A program titled "Campus Poetry" was organized by the Department of Hindi at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh in association with "Hindawi", an initiative of "Rekhta Foundation". The program was presided over by well-known poet, art-critic, theater and cinema master Prayag Shukla. Poet Vipin Chowdhary and new generation poet Anurag Anant also participated in this event. The coordinator of the program was Dr. Bir Pal Singh Yadav, Head of the Department of Hindi. At the beginning of the program, Dr. Kamlesh Kumari, associate professor of the department, presented the outline of the program and informed about the rules of the competition. The welcome speech in the program was presented by Dr. Kamaraj Sindhu, Associate Professor of the Department. The introduction of the jury was given by Dr. Amit, Assistant Professor, Department of Hindi. The participants expressed sensitive and deep topics through self-composed poems. Anurag Anant, a member of the jury, explained the importance of poetry and said that poetry teaches to understand and feel the scene. In this sequence, Vipin Chowdhary shared his poems with the participants. While sharing his experiences, Prayag Shukla said that nature is vast in itself but art gives it more scope. He also recited poems of Hindi poets. In the competition, Gayatri of Hindi Department got first position, Robin and Jubilji Mathew got second position. At the end of the program, Dr. Arvind Singh Tejawat, Assistant Professor of the Department proposed the vote of thanks. In the programme, Dean of the Education, Prof. Sarika Sharma, Dr. Suman Rani from Sanskrit Department, Dr. Siddharth Shankar Rai and Dr. Reena Swami from Hindi Department, research scholars, and students from other departments were present.

# 11. Skill Enhancement

### 11.1 हकेवि विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आरंभ

CUH, Feb 01, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एमबीए. एमसीए, भौतिकी, डाटा साइंस एवं पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चार दिवसीय बारक्ले रूबिकॉन फाउंडेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरूआत बुधवार को हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए बहुकौशल के मोर्चे पर शिक्षण-प्रशिक्षण आवश्यक है। साथ ही उन्होंने इस मौके पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के महत्त्व और इसके समक्ष उपलब्ध चुनौतियों की ओर प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया।

आयोजन की मुख्य वक्ता प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्षेत्र में सफलता हेतु आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स के महत्त्व से अवगत कराया और इस दिशा में विशेष रूप से तैयारी की आवश्यकता पर जोर दिया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. विकास गर्ग ने आयोजन में सम्मिलित वक्ता श्री शिखर, भारत और जोसफ का परिचय कराया। जिन्होंने विद्यार्थियों को बायोडाटा तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षित किया। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल उपनिदेशक डॉ. दिव्या और डॉ. तरूण कुमार ने सॉफ्ट स्किल्स और उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला। चार दिवसीय इस आयोजन के उद्घाटन सत्र में प्रो. रंजन अनेजा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुनील कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

## Training program for CUH students started


CUH Feb 01, 2023

Training and Placement Cell of Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh started the four-day Barclay Rubicon Foundation Training Program for the students of MCA, Physics, Data Science and Department of Tourism and Hotel Management. The program began on 01.02.2023. Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar, while addressing the participants as the chief guest, said that teaching-training on the front of multi-skills is necessary for the students. He drew the attention of the participants towards the importance of Artificial Intelligence and the challenges available before it.

The main speaker of the event Prof. Sunita Shrivastava while addressing the participating students, apprised them about the importance of soft skills required for success in the workplace and emphasized the need for special preparation in this direction. Director of Training and Placement Cell Prof. Vikas Garg introduced the speakers Mr. Shikhar, Bharat, and Joseph who trained the students regarding the preparation of resume. Deputy Director Training and Placement Cell Dr. Divya and Dr. Tarun Kumar threw light on soft skills and their importance. In the inaugural session of the four-day event, Prof. Ranjan Aneja, Dr. Ajay Kumar, Dr. Sunil Kumar etc. were also present.

## 11.2 हकेवि में मशीन लर्निंग पर कार्यशाला का आयोजन

CUH, Mar 09, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों में मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी और पायथन प्रोग्राम के प्रति आवश्यक जानकारी व कौशल विकास हेतु पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी), रोपड़ के साथ मिलकर आयोजित इस कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जीवन में तेजी से बढ़ती मशीन लर्निंग व पायथन के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में विभिन्न माध्यमों से एकत्र होने वाले आंकड़ों का अवलोकन जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं को समझने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कुलपति ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी पर केंद्रित टेक्नोलॉजी जैसे कि चेटजीपीटी का उल्लेख भी किया।

कार्यशाला के आरंभ में कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यशाला के संयोजक डॉ. केशव सिंह रावत ने कार्यशाला की रूपरेखा, उद्देश्य व उसके महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एनआईईएलआईटी, चण्डीगढ़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री शुभांशु तिवारी ने कहा कि अवश्य ही हकेवि के साथ यह साझेदारी विद्यार्थियों के कौशल विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस मौके पर केंद्र के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी और अन्य कार्यक्रमों के स्तर पर साझेदारी करने का भी प्रस्ताव किया। उन्होंने पायथन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रोग्रामिंग की ऐसी भाषा है जो विद्यार्थियों के रोजगार सृजन में मददगार है। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन की निदेशक प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि नवाचार के क्षेत्र में नई तकनीक बेहद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने पायथन प्रोग्राम के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अवश्य ही इसका ज्ञान विद्यार्थियों को आईटी इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने व नवोन्मेषण की दिशा में सहयोग करेगा। इस कार्यशाला में एनआईईएलआईटी, चण्डीगढ़ के एडिशन डायरेटर डॉ. मनीष अरोड़ा, विशेषज्ञ साइंटिस्ट डी डॉ. अनीता बुद्धिराजा, साइंटिस्ट सी डॉ. स्वर्ण सिंह ने विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयो की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विभाग की ओर से कार्यशाला के समन्वयक डॉ. सूरज आर्य, सहसमन्वयक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. प्रीति मराठा व डॉ. अनूप तिवारी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## One-week workshop on "Machine Learning using Python" at CUH

CUH, Mar 09, 2023

To improve the skill of the students in the field of machine learning, Artificial Intelligence, and Python Programming, Department of Computer Science and Information Technology is organizing a one-week workshop on the title "Machine Learning Using Python" with the collaboration of National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT), Ropar. The workshop was inaugurated through online mode by the Vice-Chancellor, Central University of Haryana (CUH) Mahendergarh. Dr. Keshav Singh Rawat, HoD, and Convener of this workshop brief the workshop objectives, importance, and schedule. He also introduced the day wise contents of workshop, which including NumPy, Pandas, Visualization, Machine Learning Concepts- Supervised and Unsupervised, Linear Regression, Logistic Regression, Naïve Bayes, Implementing Machine Learning Models and performing Predictions, Artificial Neural Networks, Deep Learning, Open CV, and Projects Demonstration.

Chief Guest of the workshop Mr. Subanshu Tiwari, Executive Director of National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT), Chandigarh said that this collaboration between the National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT) and Central University of Haryana will definitely provide higher-level skills learning to the students. He offered to more collaboration with NIELIT in the rest center of India of various programming and AI technologies topics. He added that python is an effective programming language and really helpful in employability of student.

Later, Prof. Sunita Srivastava, Director Innovation and Incubation Centre, spoke about the advancement in the information technology sector and how emerging techniques can be helpful in the innovation implementation. Dr. Manish Arora, Additional Director, NIELIT Chandigarh, resources persons Ms. Anita Budhiraja, Dr. Sarwan Singh, NIELIT, Ropar, Dr. Keshav Singh Rawat, Head of Department, Computer Science and Information Technology, Coordinators Dr. Suraj Arya, Dr. Sunil Kumar, Dr. Priti Maratha, Dr. Anoop Tiwari, and students of Computer Science and Information Technology were present in this programme.

## 11.3 हकेवि में डाटा विश्लेषण में सांख्यिकी उपकरणों पर केंद्रित कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

CUH, Mar 20, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में डाटा विश्लेषण में साँख्यिकी के उपकरणों के अनुप्रयोग विषय पर कार्यशाला की शुरुआत हुई। सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विधार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को डेटा विश्लेषण में विभिन्न सांख्यिकीय उपकरणों की आवश्यकता और उनके अनुप्रयोग से अवगत कराना है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला के उद्धाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला मौजूदा समय की मांग है और इसके माध्यम से अवश्य ही शोधकर्ताओं को सांख्यिकी, गणित, मनोविज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा आदि जैसे विषयों में जारी शोध कार्यों को पूर्ण करने में मदद मिलेगी।

सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग के प्रो. सुनील कुमार ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रतिभागियों से साझा की। इसके पश्चात कार्यशाला के आयोजन सचिव व सहायक आचार्य डॉ. मनोज कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यशाला के सह संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार व आयोजन सचिव डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि आगामी 24 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी कानपुर के प्रो. शलभ उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के उद्घ टन सत्र के अंत में विभाग के सह आचार्य डॉ. कपिल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## Workshop on Application of Statistical Tools in Data Analysis held in CUH

CUH, Mar 20, 2023

Workshop on Application of Statistical Tools in Data Analysis started at Central University

of Haryana (CUH), Mahendergarh. Organized by the Department of Statistics, the pupose of the workshop was to acquaint the students, research scholars, and faculty members with the need and application of various statistical tools in data analysis. University Vice Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar while addressing the inaugural session of the workshop said that this workshop is the demand of the present time and through this it would help the researchers to complete the ongoing research work in the subjects like Statistics, Mathematics, Psychology, Medical Science, Education etc.

Prof. of Physics and Astrophysics, Dr. Sunil Kumar shared the information about various programs being organized under Azadi Ka Amrit Mahotsav with the participants. The organizing secretary Dr. Manoj Kumar presented the welcome speech. Co-convenor of the workshop Dr. Devendra Kumar and Organizing Secretary Dr. Ravindra Kumar announced that Prof. Shalabh of IIT Kanpur will be an expert in this workshop. At the end of the inaugural session of the workshop, the associate professor of the department, Dr. Kapil Kumar presented the vote of thanks.

### 11.4 हिंदी के विकास में तकनीक का योगदान महत्त्वपूर्ण -हकेवि में वॉइस टाइपिंग पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

CUH, Mar 27, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को वॉइस टाइपिंग व हिंदी हस्त लेखन विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी सलाहकार समिति के साझा प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली के पूर्व सहायक सचिव, राजभाषा श्री धरम सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि आज के समय में तकनीक वह माध्यम है, जिसका उपयोग कर हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सहज हो सकती है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का विषय बेहद उपयोगी है और अवश्य ही इसका लाभ प्रतिभागियों को हिंदी के प्रचार-प्रसार में प्राप्त होगा।

हिंदी सलाहकार समिति के संयोजक व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव ने विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा जारी विभिन्न प्रयासों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयास जारी है। जिसमें यह कार्यशाला महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगी। विशेषज्ञ वक्ता श्री धरम सिंह ने अपने संबोधन में वॉइस टाइपिंग हेतु उपलब्ध विभिन्न ऑनलाइन विकल्पों की जानकारी दी और बताया कि किस तरह से हिंदी टाइपिंग न जानते हुए भी आप हिंदी में कार्यालयीन कार्य सहजता के साथ कर सकते हैं। उन्होंने गूगल डॉक्स, गूगल ट्रांसलेटर जैसे कम्प्यूटर में उपलब्ध वॉइस टाइपिंग के विकल्पों से अवगत कराया और उनका अभ्यास भी प्रतिभागियों को कराया। इसके साथ-साथ कार्यक्रम के दौरान हस्त लेखन का भी अभ्यास प्रतिभागियों ने किया। कार्यशाला में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालय भी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे। आयोजन में मंच का संचालन विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा पीठ की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### Contribution of technology is important in the development of Hindi: Workshop on voice typing was organized in CUH

CUH, Mar 27, 2023

A workshop focused on voice typing and Hindi handwriting was organized at Central

University of Haryana (CUH), Mahendergarh on Monday. Dharam Singh, former Assistant Secretary, Official Language, Central Board of Secondary Education (CBSE), New Delhi, was present as an expert speaker in this workshop. On this occasion, the Vice-Chancellor of the University and the Chairman of the Town Official Language Implementation Committee (NARAKAS), Mahendergarh, Prof. Tankeshwar Kumar said that in today's time, technology is the medium using which it can be easy to achieve the goals set for the promotion of Hindi. He said that the topic of the workshop is very useful and the participants will surely get its benefit in the promotion of Hindi.

The convenor of the Hindi Advisory Committee, Prof. Bir Pal Singh Yadav said that continuous efforts are going on for the promotion of official language at the administrative level in the university and the workshop will prove to be an important step in this direction. Expert speaker Mr. Dharam Singh in his address gave information about various online options available for voice typing and how you can easily do official work in Hindi without knowing Hindi typing. He informed about the options of voice typing available in computers like Google Docs, Google Translator and also made the participants practice them.

Along with this, participants also practiced hand writing during the programme. Member offices of the Town Official Language Implementation Committee were also present in the workshop through online medium. The stage was conducted by Shailendra Singh, the Hindi officer of the university and the vote of thanks was given by the Dean of Education, Prof. Sarika Sharma. Heads of various departments, teachers, students, research scholars and non-teaching staff, along with members of the City Official Language Implementation Committee were also present in the workshop.

## 11.5 हकेवि में टेकफेस्ट अद्विक का आयोजन आज

CUH, Feb 26, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को टेकफेस्ट (अद्विक) आयोजित होने जा रहा है। विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे इस टेकफेस्ट में तकनीकी वाद-विवाद, उद्यमिता पर चर्चा, कार्यशाला, विभिन्न प्रतियोगिताएं व फन जोन का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का समय है। यदि हम तकनीक की दृष्टि से सुदृढ़ है तो हम दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेकफेस्ट के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नए बदलावों को जानने-समझने के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अवार्ड विजेता प्रतिष्ठित वैज्ञानिक व शिक्षाविद् श्री जसपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन व आयोजन के संयोजक प्रो. फूल सिंह ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से तेजी से विकसित हो रही तकनीक से विद्यार्थियों एवं तकनीकी प्रेमियों को अवगत कराना है, जिससे देश का तकनीक के मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनाने में वे अपना योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में लगभग 7 हजार से अधिक शिक्षाविद, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी व कॉरपोरेट जगत के विशेषज्ञ सम्म्लित होने जा रहे हैं। आयोजन में 35 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें मनोरंजक प्रतिस्पर्धा, फील्ड एक्सपर्ट द्वारा आयोजित कार्यशाला, वाद-विवाद सरीखे आयोजन सम्मिलित हैं।

## CUH organised Techfest Advik 2023

CUH, Feb 26, 2023

Techfest (Advik 2023) is going to be organized on Monday at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Technical debate, discussion on entrepreneurship, workshop, various competitions and fun zone will be held in this Techfest which will be organized in the University. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that the present time is the time of technology. If we are strong in terms of technology, then we can make our own identity in the world. He said that through Techfest, the participants will get opportunities to know and understand

the new changes taking place in the field of technology. National award winning distinguished scientist and educationist Shri Jaspal Singh will be present as the chief guest in the programme.

Prof. Phool Singh, Dean, School of Engineering and Technology said that through this event students will be made aware of the rapidly developing technology so that they can contribute in making the country self-reliant on the technology front. He told that more than 7 thousand educationists, representatives of various educational institutions, students and experts from the corporate world are going to participate in this event. More than 35 programs will be organized in the event, which include entertainment competitions, workshops organized by field experts, debates etc. For detailed information about these programmes, one can login www.advikfest.com.

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

CENTRAL UNIVERSITY OF HARYANA

विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्



## List of Annual Awards 2023

## Teachers

Best Researcher Publication (Science & Engineering) Award Prof. Harish Kumar

Best Researcher Publication (Humanities and Social Sciences) Prof. Chanchal Kumar Sharma

Best Researcher Impact (Science & Engineering) Dr. Ejaz Ansari

Best Researcher Impact (Humanities & Social Sciences) Dr. Ajay Kumar

Best Researcher H Index (Science & Engineering) Prof. Neelam Sangwan

Best Researcher H Index (Humanities and Social Sciences) Prof. Ranjan Aneja

Best Researcher Project (Science & Engineering) Prof. Pawan Kumar Maurya

Best Researcher Project (Humanities and Social Sciences) Prof. Sarika Sharma

Best Researcher Inventor Dr. Savita Wednesday

Best Researcher Inventor Prof. Sunil Kumar

Best Researcher Collaboration Dr. Nitin Goyal

## Non Teaching Staff

Dr. Rajat Yadav, Shailendra Singh, Sandeep, Ajit Singh, Ravindra Kumar and Sandeep.

## Students

1) Best Student Researcher (Publication) Award : Eng. Akshat Kant, Mrinal, Sharol, Sebastian, Manjit Kumar, Savita and Radha
2) Best Student Researcher (Inventor) Award: Akshat Kant, Ankita Yadav and Manali Chakraborty.

## Outsourced Employees

Sitaram, Vijaypal Singh, Ms. Sushila, Dheeraj, Manoj Kumar, Ashish, Amit Kumar, Devendra, Vikas, Anil Kumar, and Veer Singh were honored for their contribution.




## Patron

Prof. Tankeshwar Kumar
Vice-Chancellor, Central University of Haryana

## Editorial Board

Dr. Snehsata (Editor), Assistant Professor, Department of English & Foreign Languages

Dr. Siddharth Shankar Rai, Assistant Professor, Department of Hindi

Mr. Anil Kundu, Assistant Professor, Department of Printing and Packaging Technology

Dr. Bharti Batra, Assistant Professor, Department of Journalism & Mass Communication

Mr. Alekha Sachidananda Nayak, Assistant Professor, Department of Journalism & Mass Communication

Ms. Kanika Godara, Research Scholar, Department of English & Foreign Languages

Ms. Devika, Research Scholar, Department of English & Foreign Languages



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
**Central University of Haryana**

**(Established vide Act No. 25 (2009) of Parliament)**
**(NAAC Accredited 'A' Grade University)**

www.cuh.ac.in | @cuhofficial

Design & Printed by : deeya media art #9312550335